तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 23 जुलाई 2026

[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]

खबर संक्षेप

चन्द्र शेखर आजाद की जयंती पर पौधरोपण आज

बिलासपुर। क्रांतिवीर चन्द्र शेखर आजाद की 120 वीं जयंती पर पर्यावरण प्रेमी मंच द्वारा पौधारोपण

किया जाएगा। मंच के अध्यक्ष सुदेश दुबे एवं महासचिव अमीन मुगल ने बताया कि इस वर्ष गुरुवार 23 जुलाई को सुबह 9 बजे शनिचरी रपटा के पास पौधरोपण किया जाएगा। श्री दुबे ने पर्यावरण प्रेमी मंच के सभी सदस्यों व पदाधिकारियों से इस पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

एयू ने जारी किए यूटीडी के 22 रिजल्ट

बिलासपुर। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा बुधवार को यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग यूटीडी में संचालित विभिन्न पाठयक्रमों के सम सेमेस्टर परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिया गया है। यूनिवर्सिटी की ओर से यूटीडी के 22 विषयों के रिजल्ट जारी किए गए हैं। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा यूटीडी की सम सेमेस्टर परीक्षा जून माह में आयोजित की गई थी। इसका परीक्षा परिणाम आज जारी किया गया है। इसमें एमएससी माइक्रोबायोलाजी एंड बायोइन्फो, एमएससी बायोटेक्नोलाजी, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमएससी एफपीटी, एमकॉम सहित बीएससी कंप्यूटर साइंस, बीएससी एफपीटी, बीकॉम, बीएससी माइक्रोबायोलाजी, एमबीए, बीएचएम आदि विषयों के रिजल्ट जारी किए गए हैं।

प्रयास विद्यालयों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग

बिलासपुर। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए चयनित विद्यार्थियों की काउंसलिंग 5 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विभागीय वेबसाइट पर काउंसलिंग के लिए पात्र छात्र-छात्राओं की सूची एवं तिथियां प्रदर्शित कर दी गई हैं। काउंसलिंग चयनित विद्यार्थियों को आवंटित प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रतिदिन सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक होगी। अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। इनमें कक्षा 8वीं की प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण अंकसूची, अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र, नक्सल पीड़ित प्रमाण पत्र (जहां लागू हो), अल्पसंख्यक वर्ग संबंधी सत्यापन प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, विशेष पिछड़ी जनजाति प्रमाण पत्र तथा विशेष श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए संबंधित प्रमाण पत्र शामिल हैं।

यात्रियों और विद्यार्थियों के लिए रिस्टोर की गई मेमू

बिलासपुर। रेल प्रशासन ने यात्रियों और विद्यार्थियों के लिए रद्द की गई लोकल और मेमू को वापस रिस्टोर करने का आदेश जारी किया है। बिलासपुर डिवीजन से मिली जानकारी के अनुसार एसईसीआर बिलासपुर जोन के रायपुर मंडल अंतर्गत भाटापारा से हथबंध स्टेशन के बीच तीसरी लाइन सेक्शन में आटो सिग्नलिंग की कमीशनिंग हेतु नॉन इंटरलाकिंग एनआई कार्य किया जा रहा है। इस कार्य की वजह से 23 जुलाई गुरुवार को बिलासपुर से रायपुर और गेवरा के बीच चलने वाली लोकल ट्रेनों कों रद्द किया गया था। रद्द की जाने वाली ऐसी ट्रेनें थी, जिसमें छोटे स्टेशनों के यात्री और विद्यार्थी सफर करते हैं। ट्रेन के रद्द होने के कारण यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता था।

खूंटाघाट-घोंघा बांध 100 प्रतिशत भरे, वेस्ट वियर चालू

जुलाई महीना नौ दिन शेष रहते ही लबालब हुए जिले के सारे बांध, मानसून की लेटलतीफी के बाद भी बांधों में भरपूर पानी अच्छा संकेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर / रतनपुर

जुलाई महीना समाप्त होने में अभी नौ दिनों का समय शेष है और जिले के दोनों प्रमुख बांध खारंग और घोंघा शत प्रतिशत भर चुके हैं। खारंग जलाशय में बुधवार को सुबह 100 प्रतिशत जलभराव रिकार्ड किया गया है, जबकि घोंघा जलाशय में मंगलवार से ही शत प्रतिशत जलभराव के बाद वेस्ट वियर की स्थिति निर्मित हो चुकी है। अरपा-भैंसाझार बराज से काफी पहले से ही 60 प्रतिशत जलभराव के बाद गेट खोलकर अरपा नदी में जल प्रवाहित किया जा रहा है। भीषण गर्मी के दौरान इस साल एक-एक बूंद पानी के लिए हलाकान होने वाले जिलेवासियों के लिए यह एक राहत देने वाली खबर हो सकती है। जिले के सारे बड़े बांध अपने शत प्रतिशत जलभराव की स्थिति में पहुंच चुके हैं। इन बांधों में भरपूर पानी होना जिले के लिए इसलिए भी शुभ समाचार है, क्योंकि बिलासपुर जैसे शहर को बारहों महीने निस्तारी के लिए पानी खारंग जलाशय खूंटाघाट से ही प्राप्त होता है। इसी तरह भीषण गर्मी में जब जिले के अधिकांश गांवों में तालाबों में बूंद भर पानी निस्तारी के लिए शेष नहीं रह जाता तब खारंग और घोंघा जलाशय से ही निस्तारी के लिए पानी दिया जाता है। ऐसे में इन बांधों में पानी की भरपूर उपलब्धता अति आवश्यक है।

अरपा में भी आया पानी

निश्चिंतता लाता है शत-प्रतिशत जलभराव

बांधों में वर्तमान वर्ष में शत प्रतिशत जलभराव की स्थिति आने वाले साल के लिए निश्चिंतता लाती है। इस साल जिले के सभी बांध जुलाई समाप्त होने के पहले ही लबालब हो चुके हैं, जिसके पीछे बीते वर्ष अच्छी बारिश होने के कारण बांधों में भरपूर जलभराव प्रमुख कारण है। इस साल गर्मी में निस्तारी के लिए गांवों के तालाब भरने व पूरा गर्मी का सीजन निकल जाने के बाद भी खारंग बांध में 68 प्रतिशत जलभराव उपलब्ध था। ऐसे में इस साल बारिश प्रारंभ होने पर केवल 32 प्रतिशत जलभराव होते ही बांध आसानी से शत प्रतिशत की स्थिति में पहुंच गया।

केवल 5 दिनों में 56 मिलियन घनमीटर जलभराव

17 जुलाई को जिले में हुई भारी बारिश के दौरान खारंग जलाशय में जलभराव 72 प्रतिशत रिकार्ड किया गया था। इसके बाद बांध के कैचमेंट एरिया में लगातार बारिश होते रहने के बाद केवल पांच दिनों में 22 जुलाई को ही खारंग में शत प्रतिशत जलभराव रिकार्ड कर लिया गया। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार बांध में दो मिलियन घनमीटर पानी आने से जलभराव में एक प्रतिशत की बढ़ोतरी होती है। पांच दिनों में ही बांध 72 प्रतिशत से बढ़कर 100 प्रतिशत हो गया। केवल पांच दिनों में ही कैचमेंट एरिया से 56 मिलियन घनमीटर पानी प्राप्त होने से 28 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो गई।

पूरा भर गया घोंघा

घोंघा में मंगलवार से शत प्रतिशत जलभराव हो चुका है। वेस्ट वियर भी प्रारंभ है। इसी तरह अरपा-भैंसाझार बराज में भी 60 प्रतिशत जलभराव होते ही आपातकालीन स्थिति को ध्यान में रखते हुए गेट खोलकर नदी में पानी छोड़ा जा रहा है।

- **डी.जायसवाल,** ईई
कोटा जलसंसाधन संभाग

इस साल जल्दी भर गया

वर्तमान में हो रही बारिश को ध्यान में रखते हुए हमने जुलाई के अंत तक खारंग में शत प्रतिशत जलभराव की उम्मीद की थी, जबकि यह स्थिति 22 जुलाई को ही देखने को मिल गई। खारंग में शत प्रतिशत जलभराव का होना न केवल इस साल, बल्कि आने वाले साल के लिए भी बेहद अच्छा है।

- **एमके चंद्रा,** ईई
खारंग जलसंसाधन संभाग

उसलापुर रोड नंदन विहार की घटना, इलेक्ट्रिक पोल, कार क्षतिग्रस्त

जड़ से उखड़ा नीलगिरी का पेड़, अंधेरे में बीती रात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उसलापुर रोड स्थित नंदन विहार में बीती रात में अचानक एक भारीभरकम नीलगिरी का पेड़ जड़ से उखड़कर नीचे गिर गया। पेड़ के नीचे गिरने से बिजली के खंभे तार और एक चार पहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। बिजली के तार टूटने से पूरे इलाके में अंधेरा छा गया, लोगों को सारी रात अंधेरे में बितानी पड़ी।

उसलापुर रोड के नंदन विहार स्थित मकान के लगा हुआ नीलगिरी का पेड़ काफी दिन से झुका हुआ था, यह मंगलवार की रात अचानक जड़ से उखड़कर नीचे गिर गया। पेड़ के नीचे गिरने से मकान मालिक का चार पहिया वाहन और दो बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। इस दौरान करीब 100 से 200 मीटर तक बिजली का तार भी टूटकर नीचे झूल गया था। रात में बारिश और पेड़ गिरने के साथ खंभे क्षतिग्रस्त व तार टूटने की वजह से पूरे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था ठप पड़ गई। वहीं पेड़ इतना बड़ा था कि वह मकान के गेट के सामने गिरा हुआ था, जिसके कारण अंदर रहने वाले बाहर नहीं निकल पा रहे थे। बिजली बंद होने और बाहर निकलने के लिए रास्ता नहीं होने के कारण पूरा परिवार परेशान हो गया। इसकी सूचना वार्ड के पार्षद नीतिन पटेल को दी गई। वार्ड पार्षद नीतिन पटेल ने इसकी जानकारी नगर निगम जोन कार्यालय को दी। पेड़ गिरने के बाद खंभा क्षतिग्रस्त और तार टूटने के बाद भी बिजली विभाग का कोई भी अमला रात में सुधार कार्य करने नहीं पहुंचा। दूसरे दिन बुधवार की सुबह पार्षद की शिकायत मिलने के बाद नगर निगम जोन कार्यालय से एक गाड़ी लेकर कुछ कर्मचारी मौके पर पहुंचे, जिसके बाद गिरे हुए नीलगिरी के पेड़ की कटाई शुरु की गई। शाम 4 बजे तक पेड़ों की कटाई करने के बाद विद्युत वितरण केन्द्र मर्यादित नेहरु नगर जोन के अधिकारी और बिजली स्टाफ ने मौके पर पहुंचने के बाद क्षतिग्रस्त खंभे और तार को दुरुस्त करने के बाद शाम 6 बजे तक बिजली व्यवस्था को सुधार कार्य किया।

डर से आना-जाना बंद

मंगला नंदन विहार में दिल्ली आईएएस के पीछे गली के बाद गौरी गणेश कालोनी पड़ती है। इस क्षेत्र में करीब 200 से 300 से अधिक मकान में 2000 से अधिक परिजन निवास करते हैं। मंगलवार की रात से लेकर बुधवार की सुबह तक पेड़ गिरने के कारण खंभा क्षतिग्रस्त व तार गिरने के कारण करंट की डर से लोगों ने आना-जाना बंद कर दिया था। दोपहर को नगर निगम और विद्युत विभाग की टीम ने पहुंचकर रास्ते से तार और पेड़ हटाया, जिसके बाद आवागमन शुरु हुआ।

50 से अधिक पेड़ झुके

वार्ड पार्षद नीतिन पटेल ने बताया कि गिरा हुआ नीलगिरी का पेड़ काफी दिन से झुका हुआ था। बारिश की वजह से अंदर की मिट्टी गीली होने के कारण पेड़ जड़ से उखड़कर नीचे गिर गया। इस तरह के पेड़ क्षेत्र में कदम-कदम पर करीब 50 से अधिक हैं, जिसे काटने की आवश्यकता है। इसके लिए राजस्व विभाग को पत्र लिखा जाएगा, ताकि ऐसी घटना दोबारा न हो सके।

शाम तक बिजली चालू

मंगला के नंदन विहार कालोनी में पेड़ गिरने के कारण दो बिजली के खंभें के साथ तार भी टूटकर क्षतिग्रस्त हो गए थे। पेड़ को हटाने की वजह से बिजली व्यवस्था में सुधार करने समय लग गया था। शाम तक बिजली व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई है।

- **भरत नेताम,** कार्यपालन यंत्री
नेहरु नगर विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित

लगातार हो रही बारिश, मौसम में ठंडक

पेंड्रारोड के आसपास मानसून द्रोणिका, हो सकती है भारी बारिश

बिलासपुर। पेंड्रारोड के आसपास मानसून द्रोणिका के प्रभाव से गुरूवार को भारी बारिश की संभावना जाहिर की गई है। बारिश की स्थिति बीते कई दिनों से अभी लगातार जारी है। शहर में बुधवार को तेज बारिश की स्थिति तो नहीं रही, लेकिन बूंदाबांदी व बदली का प्रभाव पूरे दिन रहा। इस दौरान सुबह से शाम तक पूरे दिन धूप नहीं निकली।

शहर में बुधवार का मौसम बेहद अच्छा रहा। सुबह से शाम तक आसमान पर काले बादल छाए रहे। इस दौरान पूरे दिन एक मिनट के लिए भी धूप नहीं निकली। अचानक कभी-कभी हल्की बूंदाबांदी भी होती रही, जिससे मौसम में लगातार ठंडक महसूस की गई। मौसम विभाग ने अभी एक से दो दिनों के भीतर भारी बारिश की संभावना जाहिर की थी। बुधवार को तो भारी बारिश नहीं हुई, लेकिन पेंड्रारोड के आसपास मानसून द्रोणिका के प्रभाव से गुरूवार को भारी बारिश की संभावना जाहिर की जा रही है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार सिस्टम मध्यप्रदेश की ओर बढ़ जाने के कारण भारी से अति भारी बारिश की संभावना अब कम हो चुकी है, लेकिन द्रोणिका के असर से तेज बारिश की स्थिति बनी रहेगी।

मप्र की ओर बढ़ रहा सिस्टम

पेंड्रारोड के आसपास मानसून द्रोणिका के प्रभाव से गुरूवार को तेज बारिश की संभावना बन रही है। हालांकि सिस्टम मध्यप्रदेश की ओर बढ़ चुका है, लेकिन तेज बारिश फिर भी संभावित है।

- **डा.एचपी चंद्रा,** मौसम वैज्ञानिक

इंटरलाकिंग कार्य और ब्लॉक के कारण यात्रियों को होगी परेशानी

हावड़ा और बिलासपुर-रायपुर की ट्रेनें प्रभावित होंगी आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इंटरलाकिंग और ब्लॉक के कारण हावड़ा-मुम्बई की एक्सप्रेस ट्रेनों के अलावा बिलासपुर से रायपुर के बीच लोकल ट्रेनों के पहियों को रोकने का आदेश जारी किया गया है, जिसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

रेलवे के अनुसार अधोसंरचना विकास के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन में रायपुर मंडल के भाटापारा से हथबंध स्टेशन के बीच तीसरी लाइन सेक्शन में आटो सिग्नलिंग कमीशनिंग का कार्य करने के लिए नान इंटरलाकिंग का कार्य करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य की वजह से बिलासपुर से रायपुर के बीच चलने वाली लोकल और पैसेंजर ट्रेनों कों रद्द किया जा रहा है। इन ट्रेनों में 23 जुलाई को 68728 रायपुर से बिलासपुर के बीच चलने वाली मेमू पैसेंजर, 23 जुलाई को 68734 बिलासपुर-गेवरारोड मेमू पैसेंजर, 23 जुलाई को 68733 गेवरारोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर, 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर, 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर, 68746 रायपुर-गेवरारोड मेमू पैसेंजर के अलावा 24 जुलाई को 68745 कोरबा-रायपुर मेमू पैसेंजर ट्रेन के पहिए थमे रहेंगे। रद्द मेमू और पैसेंजर के

अतिरिक्त 23 जुलाई को झारसुगुड़ा से गोंदिया के बीच चलने वाली 68862/68861 झारसुगुड़ा-गोंदिया और गोंदिया से झारसुगुड़ा के बीच चलने वाली मेमू पैसेंजर को बिलासपुर स्टेशन में समाप्त करने के बाद प्रारंभ किया जाएगा। यह ट्रेन बिलासपुर से गोंदिया और गोंदिया से बिलासपुर के नहीं चलाई जाएगी। इसी तरह पूर्व रेलवे हावड़ा मंडल के हावड़ा स्टेशन पर लिंक केबिन के साथ प्लेटफार्म 24 के कमीशनिंग कार्य को पूरा करने के लिए 24 से 27 जुलाई तक नान इंटरलाकिंग कार्य किए जाने के कारण एसईसीआर से होकर चलने वाली कुछ गाड़ियां हावड़ा स्टेशन के स्थान पर सांतरागाछी और शालीमार स्टेशन से प्रारंभ व समाप्त होगी। यह ट्रेनें शामिल 24 व 25 जुलाई को 12859 सीएसएमटी-हावड़ा गीतांजली एक्सप्रेस सांतरागाछी स्टेशन में समाप्त करने के बाद 25 व 26 जुलाई को 12860 हावड़ा-सीएसएमटी गीतांजली एक्सप्रेस बनाकर सांतरागाछी से प्रारंभ की जाएगी।0 24 जुलाई को 12809 सीएसएमटी-हावड़ा मेल एक्सप्रेस सांतरागाछी स्टेशन में समाप्त करने के बाद 25 व 26 जुलाई को 12810 हावड़ा-सीएसएमटी मेल एक्सप्रेस बनकर सांतरागाछी स्टेशन से। 0 25 जुलाई को सांई नगर शिरडी से रवाना होने वाली 22893 सांईनगर शिरडी-हावड़ा एक्सप्रेस सांतरागाछी स्टेशन में समाप्त होगी। 0 25 जुलाई को पुणे से रवाना की जाने वाली 12221 पुणे-हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस शालीमार स्टेशन में समाप्त की जाएगी। 0 25 जुलाई को पुणे से रवाना होने वाली 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिंद एक्सप्रेस सांतरागाछी स्टेशन में समाप्त की जाएगी।

खबर संक्षेप

राहुल व प्रियंका की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

बिलासपुर। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सांसद प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं शहर के संयुक्त नेतृत्व में विरोध-प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता नेहरू चौक पहुंचे, जहां केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि नई दिल्ली में छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के खिलाफ की गई कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि जनता की आवाज उठाने वाले जनप्रतिनिधियों को गिरफ्तार करना लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि छात्रों और युवाओं के भविष्य से जुड़े गंभीर मुद्दों पर सरकार जवाब देने के बजाय विपक्ष की आवाज दबाने में लगी हुई है।

राजस्व कार्यों में लाएं गति, समय-सीमा में करें प्रकरणों का निराकरणः कलेक्टर

बिलासपुर। राजस्व कार्यों में गति लाने और समय सीमा पर प्रकरणों का निराकरण करने तथा बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों एवं पुल-पुलियों का सर्वे कर कार्ययोजना बनाने कहा गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज जिला कार्यालय के मंथन सभा कक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में राजस्व विभाग के विभिन्न प्रकरणों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को सभी लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व सेवाओं का लाभ आम नागरिकों को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से मिलना चाहिए। बैठक में कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग, रेल परियोजनाओं, आपसी सहमति से भूमि क्रय एवं भू-अर्जन अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि भू-अर्जन से जुड़े सभी मामलों का समय पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा विधिवत भू-अर्जन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। निर्माण एजेंसियों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों एवं पुल-पुलियों का सर्वे कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त संरचनाओं के सुधार एवं पुनर्निर्माण के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि किसानों का पंजीयन एक जुलाई से प्रारंभ हो चुका है तथा एग्रीस्टैक के माध्यम से पंजीयन किया जा रहा है। उन्होंने आरईओ एवं तहसीलदारों को समन्वय बनाकर पंजीयन कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पात्र हितग्राहियों को शीघ्र पट्टों का वितरण करने के निर्देश दिए।

तिफरा विकास नगर में जल निकासी की समस्या

बिलासपुर। तिफरा विकास नगर वार्ड 8 में पानी निकासी की समस्या इन दिनों विकराल रूप ले लिया है। थोड़ी सी भी होने से यहां सड़क पर पानी भर जाता है। पानी निकासी नहीं होने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को यहां के स्थानीय युवकों ने पानी निकासी के लिए लोगों से चंदा वसूलते नजर आए।

आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए आवेदन 31 तक

बिलासपुर। एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा अंतर्गत ग्राम पत्थरखान एवं कड़ार में आंगनबाड़ी सहायिका के एक-एक रिक्त पदों पर 17 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाईन आवेदन aww.e-bharti.in में जाकर कर सकते हैं। ऑफलाइन आवेदन परियोजना कार्यालय में स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

निधन

मोतीलबाई बजाज

बिलासपुर। सिंधी कालोनी निवासी मोतीलबाई बजाज का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 23 जुलाई को सुबह 10 बजे निज निवास आसनदास गली से झूलेलाल मुक्तिधाम कस्तूरबा नगर सिंधी कालोनी के लिए निकलेगी। वे ईश्वर दास बजाज की पत्नी, गौतम ,नरेंद्र बजाज की माता थीं।

विजय भौमिक

सकरी। ग्राम हांफा के पूर्व सरपंच, छत्तीसगढ़ी फिल्म के कलाकार विजय भौमिक का बुधवार की देर रात निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गुरुवार को सुबह 10:30 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे धनराज एवं कुलदीप के पिता थे।

सड़क से सदन तक शहर का प्रतिनिधित्व खामोश क्यों

पूर्व विधायक शैलेश पांडेय ने कहा- बिलासपुर की समस्याओं पर विधानसभा में क्यों नहीं किए जाते सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांग्रेस नेता पूर्व बिलासपुर विधायक शैलेष पांडेय शहर विधायक अमर अग्रवाल पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिलासपुर का प्रतिनिधित्व करने वाले विधायक अमर सड़क से लेकर सदन खामोश क्यों हैं।

शहर में बिजली, पानी की समस्या हो या जलभराव की समस्या, इस पर विधानसभा में कोई सवाल क्यों नहीं उठाए जाते। शहर की विभिन्न जनसमस्याओं, नागरिक सुविधाओं की बदहाल स्थिति, विकास कार्यों में आ रही बाधाओं तथा जनहित से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर कांग्रेस नेता बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेष पांडेय ने बुधवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से रूबरू हुए। शैलेष ने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि क्या कारण है कि विधायक अमर अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के इस कार्यकाल में अब तक आठ बैठकें हो चुकी हैं और सत्तापक्ष या विपक्ष के विधायक अपने क्षेत्र की समस्याओं, विकास कार्यों और जनता की मांगों को लेकर सदन में सरकार से सवाल पूछ रहे हैं और शहर विधायक अमर के प्रश्नों की संख्या शून्य है। शैलेष ने बताया कि जब 2028 से 2023 तक वे विधायक थे तब उन्होंने पांच साल में 392 प्रश्न पूछे थे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि अमर ने 23 वर्षों तक बिलासपुर शहर का नेतृत्व किया, किन्तु शहर आगे जाने के बजाए पीछे चला गया। उन्होंने सीवरेज परियोजना, बिजली, पानी, जलभराव सहित आत्मानंद स्कूलों को बंद किए जाने और स्मार्ट सिटी के नाम पर घपला एवं कानून व्यवस्था सहित कई समस्याओं को गिनाते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर अरपापार से सौतेला व्यवहार किया गया और उस क्षेत्र को स्मार्ट सिटी में शामिल नहीं किया गया। प्रेस कांफ्रेंस में दौरान उपस्थित शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा ने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व क्षेत्र की सभी वर्गों की समस्याओं को सुलझाना है तब तो आपके होने का प्रभाव है न कि जनता के आशीर्वाद से केवल निर्वाचित होना है। इस अवसर उपस्थित पूर्व जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि छग राज्य बना तो भाजपा की सरकार आई और रायपुर राजधानी व बिलासपुर न्यायधानी बना। लेकिन रायपुर के मुकाबले आज बिलासपुर में कितना विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार विभिन्न मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रही है।

करोड़ों के सर्पदंश मुआवजा घोटाले पर पूर्व विधायक जवाब दें : भाजपा

बिलासपुर। बिलासपुर में सामने आए 17 करोड़ रुपए से अधिक के कथित सर्पदंश मुआवजा घोटाले को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष बबलू कश्यप, शैलेन्द्र यादव, राकेश लालवानी, मनोज सोनी, श्रीनिवास राव एवं देवेंद्र पाठक ने संयुक्त बयान जारी कर कांग्रेस और पूर्व विधायक पर निशाना साधा है। भाजपा नेताओं ने कहा कि जिस अवधि में यह कथित घोटाला हुआ, उस समय प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी और बिलासपुर का प्रतिनिधित्व कांग्रेस विधायक शैलेश पांडे कर रहे थे। ऐसे में पूर्व विधायक को बताना चाहिए कि करोड़ों रुपए का यह कथित फर्जीवाड़ा किसके संरक्षण में चलता रहा।

उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियां 431 संदिग्ध मुआवजा प्रकरणों की जांच कर रही हैं, जिनमें 17 करोड़ रुपए से अधिक की शासकीय राशि के कथित गबन की आशंका है। मामले में डॉक्टर, पुलिसकर्मी, राजस्व विभाग के कर्मचारी और बैंककर्मियों सहित कई लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। भाजपा नेताओं ने पूर्व विधायक से सवाल किया कि जब यह कथित फर्जीवाड़ा चल रहा था, तब उन्होंने प्रशासन से कितनी बार जवाब मांगा, विधानसभा में यह मुद्दा क्यों नहीं उठाया गया, क्या उन्हें इस कथित खेल की जानकारी थी, यदि जानकारी थी तो कार्रवाई क्यों नहीं कराई गई? उन्होंने कहा कि गरीब और वास्तविक पीड़ित परिवारों के लिए बनाई गई राहत योजना में कथित भ्रष्टाचार गंभीर चिंता का विषय है। जनता अब जवाब चाहती है। वर्तमान सरकार मामले की निष्पक्ष जांच करा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसमें किसी भी प्रकार का राजनीतिक दबाव या संरक्षण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

मेरिट आधार पर कालेजों में दो बार प्रवेश लिस्ट निकाली जा चुकी

कालेजों में यूजी-पीजी पाठयक्रमों की 65 फीसदी सीटें खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में एडमिशन की स्थिति अब भी खराब है। यूजी-पीजी दोनों ही पाठयक्रमों में अभी भी लगभग 65 फीसदी सीटें खाली हैं, जबकि कालेजों द्वारा मेरिट आधार पर फर्स्ट ईयर में प्रवेश के लिए दो बार प्रवेश के लिए लिस्ट निकाली जा चुकी है।

कालेजों में इस सत्र फर्स्ट ईयर, सेमेस्टर में एडमिशन धीमा शुरू हुआ है। जुलाई महिना समाप्त होने में अब एक सप्ताह ही रह गया है और अभी भी एडमिशन के लिए कालेज वालों को फ्रेशर छात्र-छात्राओं का इंतजार करना पड़ रहा है। अटल यूनिवर्सिटी के प्रवेश पोर्टल में आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने वाले छात्र-छात्राओं को मेरिट आधार पर फर्स्ट ईयर में एडमिशन दिया जा रहा है। इसके लिए कालेजों में पहली मेरिट लिस्ट 2 जुलाई को जारी की गई थी, जिस पर 8 जुलाई तक एडमिशन दिया गया। उसके बाद दूसरी मेरिट लिस्ट 9 जुलाई को निकाली गई, जिसमें 15 जुलाई तक एडमिशन चला। इसके बाद कालेजों द्वारा तीसरी मेरिट लिस्ट 17 जुलाई को निकाली गई थी, जिस पर अभी एडमिशन चल रहा है। इसके बाद 25 जुलाई को चौथी मेरिट लिस्ट निकाली जाएगी, जिसके अनुसार 31 जुलाई तक एडमिशन दिया जाएगा। अभी तक यूजी फर्स्ट ईयर और पीजी मिलाकर लगभग 35 फीसदी सीटें ही भर पाई हैं, जबकि करीब 65 प्रतिशत सीटें अभी भी रिक्त हैं। 31 जुलाई तक इसमें से काफी कुछ सीटें भरने की संभावना जताई जा रही है, वैसे कालेजों में एडमिशन की प्रक्रिया 14 अगस्त तक चलेगी।

यूजी-पीजी मिलाकर 55 हजार 791 सीटें

अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध गवर्नमेंट व प्राईवेट कालेजों में यूजी-पीजी दोनों ही को मिलाकर कुल 55 हजार 791 सीटें हैं। इनमें सीटों के लिए छात्र-छात्राओं द्वारा 90 हजार 361 रजिस्ट्रेशन यूनिवर्सिटी के पोर्टल में आनलाइन कराया गया था। एक-एक छात्रों द्वारा फर्स्ट ईयर के लिए एक से अधिक विषय ग्रुपों के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया गया था, लेकिन जिस प्रकार रजिस्ट्रेशन हुआ है, उसके मुताबिक एडमिशन लेने वालों की संख्या कम है।

संख्या बढ़ने की है संभावना

कालेजों में अभी यूजी फर्स्ट ईयर में एडमिशन की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। अभी तक मेरिट आधार पर दो लिस्ट निकाली जा चुकी है और थर्ड लिस्ट की एडमिशन चल रही है जिसमें संख्या बढ़ने की संभावना है। वैसे 14 अगस्त तक एडमिशन चलेगा तब तक काफी सीटें भर जाएंगी।

-डॉ. तारणीश गौतम ,रजिस्ट्रार, अटल यूनिवर्सिटी

यूजी फर्स्ट ईयर में धीमा एडमिशन की वजह

यूजी फर्स्ट ईयर में धीमा एडमिशन को लेकर यूनिवर्सिटी सहित कालेज वाले चिंतित हैं। एडमिशन की धीमी गति के पीछे कुछ वजह भी बताई जा रही है, जिसमें एक तो अभी इंजीनियरिंग कालेजों में भी एडमिशन चल रहा है। कई छात्र अभी इंजीनियरिंग करें या फिर कालेजों में बीएससी, बीए या बीकाम आदि करें इसी में उलझे हुए हैं। इसके अलावा मेडिकल की तैयारी में लगे हुए छात्र-छात्राएं भी कालेजों में एडमिशन नहीं ले पाएं है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए द्वारा आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेस टेस्ट, सीयूईटी का रिजल्ट हाल ही में आया है और गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अभी यूजी कोर्सेस में एडमिशन शुरू नहीं हुआ है। इसलिए सीयूईटी के आधार सेंट्रल यूनिवर्सिटी में भी कई छात्र एडमिशन का इंतजार कर रहे हैं।

तीसरे सप्ताह में भी शैल वस्त्रालय की 'लूटमार सेल' का जलवा बरकरार

बिलासपुर। जुलाई के पहले सप्ताह से शुरू हुई शैल वस्त्रालय की वार्षिक 'लूटमार सेल' अपने तीसरे सप्ताह में भी ग्राहकों के बीच जबरदस्त उत्साह बनाए हुए है। सेल की शुरुआत से अब तक बड़ी संख्या में ग्राहक परिवार सहित खरीदारी कर चुके हैं और लगातार बढ़ती भीड़ इस वार्षिक आयोजन की लोकप्रियता को दर्शा रही है। साड़ियों पर 60% तक की छूट, कुर्ती, कॉर्ड सेट, जींस एवं टॉप्स पर बाय वन गेट वन फ्री, चयनित उत्पादों पर बाय टू गेट वन फ्री तथा पुरुषों के एथनिक वियर और लहंगों पर 50% तक की छूट ग्राहकों के लिए प्रमुख आकर्षण बनी हुई है।ग्राहकों के बीच सेल को लेकर चर्चा लगातार बढ़ रही है। परिवार, मित्रों और परिचितों के बीच खरीदारी के अनुभव साझा किए जाने से कई नए ग्राहक भी इस सेल का लाभ उठाने पहुंच रहे हैं। वहीं, पसंदीदा कलेक्शन और आकर्षक ऑफर्स के छूट जाने की चिंता के चलते ग्राहकों में खरीदारी को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है।शैल वस्त्रालय प्रबंधन के अनुसार, ग्राहकों के साथ वर्षों से बने विश्वास और आत्मीय संबंध को अत्यंत सम्मान दिया जाता है। 'लूटमार सेल' इसी रिश्ते के प्रति आभार और सम्मान का एक वार्षिक प्रयास है। ग्राहकों से अपील की गई है कि वे अंतिम समय का इंतजार न करें और जल्द से जल्द शैल वस्त्रालय पहुंचकर इस विशेष अवसर का लाभ उठाएं।"मौका शानदार है, बचत बड़ी है—अब देर की तो पसंदीदा खरीदारी हाथ से निकल सकती है!"

बिजनेस प्लस

एजुकेशन प्लस

बिरला ओपन माइंडस इंटरनेशनल स्कूल में छात्र परिषद् का शपथ ग्रहण

बिलासपुर। बिरला ओपन माइंडस इंटरनेशनल स्कूल, मोपका में छात्र परिषद् के नव-निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एयरफोर्स विंग कमांडर श्री विनीत तिवारी (सेवा निवृत्त) तथा विशिष्ट अतिथि गुरू घासीदास वि.वि. के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. तिलक राज मीना (फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेण्ट) के साथ विद्यालय कि मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. रेशु जैन, प्राचार्या श्रीमती सुतापा सरकार एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात छात्र परिषद् के नव निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों को विद्यालय के प्रति निष्ठा, अनुशासन, नेतृत्व, सेवा-भाव एवं उत्तरदायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। छात्रों ने विद्यालय के आदर्शों एवं मूल्यों का सदैव पालन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर निम्नलिखित छात्रों द्वारा शपथ ग्रहण किया गया-हेड बॉय अभिज्ञान मुखर्जी, हेड गर्ल जिज्ञासा चंद्रा, डिप्टी हेड बॉय मैनेश चंद्राकर एवं प्राची राठौर, युवराज गोरख, डिप्टी कल्चरल कैप्टन - हर्ष हेड गर्ल- कंचन कुर्रे, स्पोर्ट्स कैप्टन राठौर एवं सुरभी परिहार, डिसिप्लिन कैप्टन ईशान पटेल एवं प्राची जोतवानी, ईको काउंसिल प्रेसिडेंट पद हेतु अनंत सिंह चंदेल एवं कृतिया कुमारी चयनित हुए।इस अवसर पर विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. रेशु जैन ने सभी नव-निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों को बैच पहनाकर शुभकामानाएँ देते हुए उन्हें विद्यालय के गौरव को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया एवं विशिष्ट अतिथियों ने भी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। तत्पश्चात प्राचार्या श्रीमती सुतापा सरकार ने विद्यार्थियों को नेतृत्व का वास्तविक अर्थ समझाते हुए कहा कि एक सच्चा नेता अपने आचरण, अनुशासन, सहयोग एवं सेवा-भाव से दूसरों के लिए प्रेरणा बनता है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

एसएसपी ने ली बाल संरक्षण हितधारकों की अभिसरण बैठक

बिलासपुर। बिलासपुर पुलिस द्वारा आज पुलिस ग्राउंड स्थित बिलासागुड़ी हॉल में जिला स्तरीय बाल संरक्षण हितधारकों की तृतीय अभिसरण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक यूनिसेफ, काउंसेल टू सिक्योर जस्टिस एवं बिलासपुर पुलिस के संयुक्त सहयोग से आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता एसएसपी रजनेश सिंह ने की। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनिल कुमार चौहान, वरिष्ठ निदेशक, काउंसेल टू सिक्योर जस्टिस सुश्री उर्वशी तिलक उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान कानून से संघर्ष की स्थिति में आए बच्चों के लिए संचालित' दिशांत – नव नब की ओर' कार्यक्रम की उपलब्धियों एवं प्रगति को साझा किया गया। बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य एवं परामर्श सेवाओं को सुदृढ़ करने, बच्चों के लिए नशामुक्ति सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा विद्यालय से बाहर बच्चों के लिए रात्रिकालीन विद्यालय जैसी पहल विकसित करने की आवश्यकता पर चर्चा की गई।

एसएसपी रजनेश सिंह ने कहा कि बच्चों के समग्र संरक्षण एवं पुनर्वास के लिए सभी विभागों एवं संस्थाओं के बीच निरंतर सहयोग, समन्वय और साझेदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी हितधारकों से एक सशक्त, संवेदनशील एवं बाल-अनुकूल संरक्षण तंत्र के निर्माण हेतु मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

13 लाख 60 हजार रुपए लेकर नहीं कराई जमीन की रजिस्ट्री, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। 1 करोड़ 45 लाख रुपए में जमीन का सौदा कर विक्रेताओं ने 13 लाख 60 हजार रुपए ले लिया, लेकिन जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराई, पुलिस ने विक्रेताओं के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, लिंगियाडीह राजीव विहार निवासी योगेश मिश्रा प्रापर्टी डीलिंग का काम करते हैं। अगस्त 2023 में एक पारिवारिक कार्यक्रम क दौरान अश्वनी केशरवानी के माध्यम से उनकी पहचान जांजगीर चांपा बरपाली चौक निवासी राजेश कुमार सोनी से हुई। उसने श्री मिश्रा को सरकण्डा मार्क हास्पिटल के सामने गली में जमीन बेचने की जानकारी दी। राजेश सोनी ने उन्हें ममता गुप्ता के द्वारा दिए गए पावर ऑफ अटर्नी के आधार पर 52 डिस्मिल जमीन दिखाई। जमीन पसंद आने पर 6 दिसंबर 2023 को दोनों पक्षों के बीच 1 करोड़ 45 लाख रुपए में बिक्री करने का एग्रीमेंट हुआ। उसके बाद श्री मिश्रा ने एडवांस के रूप में ममता गुप्ता के खाते में 4 लाख व राजेश सोनी को 9 लाख 60 हजार रुपए जमा किया गया। रकम मिलने के बाद दोनों जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए घुमाने लगे। पैसा वापस मांगने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देने लगे। पुलिस ने श्री मिश्रा की रिपोर्ट पर राजेश कुमार सोनी, ममता गुप्ता के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

रेलवे की 25 आधारित ट्रेनों में एचओजी प्रणाली लागू

रेलवे ने बचाया 81 करोड़ का डीजल, खपत हुई कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हेड ऑन जनरेशन के तहत रेल प्रशासन ने 81 करोड़ रुपए और 65 लाख लीटर डीजल की बचत की है। इसके तहत रेलवे ने छत्तीसगढ़ सहित जोन की 25 ट्रेनों में एचओजी प्रणाली को लागू किया है, जिससे डीजल की खपत काफी कम हो गई है।

पुरानी ट्रेनों के कोच को हटाकर रेल प्रशासन ने वर्तमान में ज्यादातर यात्री ट्रेनों का परिचालन एलएचबी कोच से शुरु कर दिया है। इसमें जनरल, स्लीपर, एसी कोच के साथ जनरेटर कार भी लगाने के साथ हेड ऑन जनरेशन प्रणाली को लगाया गया है। रेलवे की 25 एलएचबी कोच से चलने वाली ट्रेनों में एचओजी प्रणालनी लागू होने के बाद अब इन ट्रेनों में सभी कोच में प्रकाश एवं वातानुकूलित एयर कंडीशनिंग हेतु आवश्यक बिजली सप्लाई डीजल जनरेटर के स्थान पर सीधे ओवरहेड उपकरण ओएचई के माध्यम से विद्युत इंजन से प्राप्त की जा रही है। इससे डीजल आधारित एंड ऑन जनरेशन ईओजी प्रणाली पर निर्भरता लगभग समाप्त हो गई है। पूर्व में एलएचबी ट्रेनों के दोनों सिरों पर लगे पावर कारों में स्थापित डीजल जनरेटर सेट कोचों को बिजली सप्लाई करते थे। एचओजी प्रणाली लागू होने के बाद यह व्यवस्था समाप्त होकर इलेक्ट्रिक इंजन से सीधे बिजली आपूर्ति हो रही है। इससे रेलवे को भी काफी फायदा मिल रहा है। मुख्य रूप से 65 लाख लीटर से अधिक डीजल की वार्षिक बचत के साथ करोड़ों रुपए की वित्तीय बचत, करीब 16614 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा, डीजल जनरेटर समाप्त होने से ध्वनि प्रदूषण में कमी, नई डिजाइन की पावर कार में कम स्थान घेरने वाली प्रणाली के कारण सामान्य श्रेणी में अतिरिक्त बैठने की क्षमता उपलब्ध हो रही है। वहीं डीजल, लुब्रिकेंट व अन्य ज्वलनशील उपकरणों के उपयोग में कमी से अग्नि सुरक्षा में भी वृद्धि हुई है।

इन ट्रेनों में लगे एचओजी

बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस, बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस, बिलासपुर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस, बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस, बिलासपुर-भगत की कोठी और बीकानेर एक्सप्रेस, संपर्कक्रांति एक्सप्रेस, हमसफर एक्सप्रेस, जम्मूतवी एक्सप्रेस, दुर्ग-फिरोजपुर अंत्योदय एक्सप्रेस, कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस, दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस, दुर्ग-कानपुर बेतवा एक्सप्रेस, दुर्ग-नौतनवा, दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस, कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, दुर्ग-जयपुर एक्सप्रेस, दुर्ग-उधमपुर एक्सप्रेस, दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस, रायगढ़-गोंदिया जनशताब्दी एक्सप्रेस, बिलासपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस, कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी शिवनाथ एक्सप्रेस, बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस, बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस और दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस शामिल हैं।

आत्मानंद विद्यालय लिंगियाडीह में एजुकेशन हब का करियर गाइडेंस व क्विज स्पर्धा

बिलासपुर। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था एजुकेशन हब द्वारा शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय लिंगियाडीह में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए करियर गाइडेंस सेमिनार एवं विषय-आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था की शिक्षिका रिया यादव, आंचल जायसवाल, कुणाल ने विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों से आत्मीय भेंट कर विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, करियर विकल्पों तथा उच्च शिक्षा के अवसरों के संबंध में जानकारी दी। विद्यार्थियों के अध्ययनरत विषयों पर आधारित प्रश्नों का संकलन कर रोचक एवं ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का परिणाम एजुकेशन हब, वासुदेव कॉम्प्लेक्स सरकंडा में घोषित किया जाएगा तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। संस्था के फाउंडर एवं डायरेक्टर धनंजय चतुर्वेदी ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल कोचिंग प्रदान करना नहीं, बल्कि सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों तक भी गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना तथा करियर संबंधी सही जानकारी पहुँचाना है।मंगला एवं सरकंडा शाखा के डायरेक्टर दुष्यंत सिंह ठाकुर ने बताया कि एजुकेशन हब की टीम विभिन्न विद्यालयों में करियर गाइडेंस एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन कर रही है। एजुकेशन हब द्वारा भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, गुरुवार 23 जुलाई 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

वेकैंसी

यूपीएससी ने प्रिंसिपल व वाइस प्रिंसिपल के पदों के लिए नोटिफिकेशन किया जारी

बिलासपुर। संघ लोक सेवा आयोग ने प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल के पदों पर भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। जो उम्मीदवार इन पदों पर नौकरी करने के लिए आवेदन करना चाहते हैं। वे उम्मीदवार जल्द ही यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। इन पदों पर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 25 जुलाई से शुरू हो जाएगी। इच्छुक एवं उम्मीदवार वेबसाइट पर जाकर 14 अगस्त तक अपना फॉर्म भर सकेंगे। इस भर्ती के जरिये कुल 828 उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा, जिसमें वाइस प्रिसिंपल 704 पद और प्रिंसिपल के लिए 124 पद आरक्षित किए गए हैं। प्रिंसिपल के पदों पर आवेदन करने के लिए जनरल और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु 50 वर्ष, ओबीसी उम्मीदवारों के लिए कुल 53 वर्ष और एससी एवं एसटी उम्मीदवारों के लिए 55 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके अलावा, वाइस प्रिंसिपल के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की आयु 35 वर्ष, ओबीसी के लिए 38 और एससी एवं एसटी उम्मीदवारों के लिए 40 वर्ष निर्धारित है। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी।

कार्यक्रम

लायंस क्लासिक प्लस के साधना सदस्यों को दिलाई गई शपथ

बिलासपुर। लायंस क्लब बिलासपुर क्लासिक प्लस का शपथ साधना समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीएमजेएफ रिपुदमन सिंह पुसरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, शपथ अधिकारी रीजन चेयरपर्सन शैलेष बाजपेई थे। कार्यक्रम के आरंभ में लायन मेल्विन जॉन्स की फोटो पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन किया गया। अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत बाद निर्वतमान अध्यक्ष प्रीति गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया। उनके कार्यकाल में विशेष सहयोग देने वाले लायन साथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शपथ अधिकारी शैलेश बाजपेई ने लियो क्लब व बिलासपुर क्लासिक प्लस के सदस्यों को शपथ दिलाई। जिसमें अध्यक्ष प्रयांश गुप्ता, सचिव अर्जुन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विनायक सोनी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। विशिष्ट अतिथि सीए दिनेश अग्रवाल ने इंटरनेशनल से ग्रांट मिलने की जानकारी साझा की। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रिपुदमन पुसरी ने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में क्लासिक प्लस बहुत ही अच्छा कार्य कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन निशेष वर्मा व विष्णु गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन कल्पना गुप्ता ने किया। इस मौके पर कमलेश, निशा, कल्पना गुप्ता, अमन होरा, राजेश सिंघल, राजेश मिश्रा, सुरेश यादव, अश्वनी यादव, श्वेता शास्त्री, शारदा कश्यप, सलमा बेगम, गुंजन, मनजीत सिंह अरोरा, पदमा गुप्ता, कविता गुप्ता, कौशल्या तिवारी, लक्ष्मी सर्राफ, शारदा गुप्ता, मीनाक्षी सिंह, राधिका स्वर्णकार, मंजू सोनी , भारती पटेल, निकिता जयसिंह, अजय गुप्ता सहित अन्य लायन साथी उपस्थित थे।

आयोजन

व्यापार विहार गार्डन में पौधरोपण कर लिया सुरक्षा का संकल्प

बिलासपुर। लायंस क्लब बिलासपुर कैपिटल ने व्यापार विहार स्थित गार्डन में पौधरोपण किया। इसमें अग्रवाल कामाक्षी एंटरप्राइज़ एलएलपी की डायरेक्टर प्रतिमा अग्रवाल ने पौधरोपण किया। इस कार्य में अजीत कुमार, कौस्तुभ, कामाक्षी अग्रवाल, क्लब से डॉ केके श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।

सहायता

मिडटाउन बिलासपुर परिवार ने किया बच्चों को छाता वितरण

बिलासपुर। लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन ने शनिचरी पड़ाव स्थित प्रायमरी स्कूल में बारिश के मौसम में बच्चों, गायत्री मंदिर परिसर में गरीब मजदूरों एवं मंदिर के पुजारी को बारिश से बचाने छतरी का वितरण किया गया। इस अवसर पर पीएसटी के अलावा क्लब सदस्य मौजूद थे।

जीण माता का मंगल पाठ कर गाई गई बधाइयां

मैढ़ क्षत्रिय मारवाड़ी सोनी समाज बिलासपुर की युवा इकाई ने जीण सेना के तत्वावधान में एक परिवार एक वृक्ष एक संस्कार अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इसके बाद श्री जीण माता मंगल पाठ किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समाज के लोगों ने बताया कि घोंघा बाबा मंदिर परिसर स्थित श्री जीण माता मंदिर में श्री जीण माता मंगल पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा-भक्ति के साथ हुआ। इस दौरान मां जीण भवानी के जन्मोत्सव की बधाइयां गाई गईं। पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार हल्दी, मेहंदी, मां का श्रृंगार, गजरा अर्पण एवं चुनरी चढ़ाने की रस्में पूरी की गई। भजन मंडली की मधुर प्रस्तुतियों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। अंत में महाआरती के बाद श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। समाज के अध्यक्ष साजन सोनी ने कहा कि मैढ़ क्षत्रिय मारवाड़ी सोनी समाज सामाजिक एकता, धार्मिक परंपराओं और सेवा कार्यों को सदैव प्राथमिकता देते आया है। उन्होंने कहा कि समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन और युवाओं के उत्साह से ऐसे आयोजन आगे भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। सभी सदस्यों ने आयोजन की तैयारियों, समाजजनों से संपर्क, व्यवस्था एवं कार्यक्रम के संचालन में योगदान दिया।

मैढ़ क्षत्रिय मारवाड़ी सोनी समाज का आयोजन

आमंत्रण के साथ पौधों का वितरण

जीण सेना के सदस्यों ने बताया कि भारत सरकार के एक पेड़ मां के नाम अभियान के समर्थन में समाज के घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र के साथ पौधों का वितरण किया गया एवं सभी परिवारों से वृक्षारोपण में भाग लेने का आग्रह किया गया।

इनका रहा सहयोग : कार्यक्रम को सफल बनाने में जीण सेना के सदस्य मनोज सोनी, महेश सोनी, प्रमोद सोनी, पंकज सोनी, परमेश्वर सोनी, भवानी शंकर सोनी, विकास सोनी बिलासपुर, रविन्द्र सोनी, प्रदीप सोनी, विजय सोनी, कपिश सोनी, विकास सोनी मुंगेली, विशाल सोनी, आलोक सोनी एवं हार्दिक सोनी ने सक्रिय भूमिका निभाई।

अखंड युगल नाम संकीर्तन में शामिल हुए विधायक अमर

राधे-राधे और श्याम-श्याम के मधुर संकीर्तन में रमे रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भजन सेवा परिवार द्वारा आयोजित अष्ट दिवसीय अखंड युगल नाम संकीर्तन के दशम वर्ष के तृतीय दिवस का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान संपूर्ण वातावरण राधे-राधे और श्याम-श्याम के मधुर संकीर्तन से भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन में सहभागिता कर श्री श्यामा-श्याम सरकार के दर्शन किए और आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया।

आयोजन के तीसरे दिन श्री श्यामा-श्याम सरकार की भव्य एवं आकर्षक झांकी सजाई गई। मनमोहक श्रृंगार, दिव्य प्रकाश व्यवस्था और भक्तिमय वातावरण ने श्रद्धालुओं को वृंदावन की अनुभूति कराई। इस अवसर पर विधायक अमर अग्रवाल अपने परिवार सहित आयोजन में पहुंचे और श्री ठाकुर जी के दर्शन कर अखंड संकीर्तन में सहभागिता निभाई। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांताध्यक्ष रामावतार अग्रवाल, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल, परसराम अग्रवाल, भोला राम मित्तल, किशन बुधिया, एल्डरमैन जुगल अग्रवाल, आर.के. अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

अहंकार के नाश का प्रतीक है गजेंद्र मोक्ष कथा

बिलासपुर। गजेन्द्र मोक्ष की प्रसिद्ध कथा श्रीमद भागवत पुराण के आठवें स्कंध में वर्णित है। यह कहानी भगवान विष्णु की शरणागति और अहंकार के नाश का प्रतीक है।

ये बातें प्रियदर्शनीय नगर में चल रहे संगीतमयी श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन बुधवार को कथा वाचक पं. मुकेश कुमार तिवारी गिरधौना ने गजेंद्र मोक्ष, कृष्ण जन्म की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने बताया कि त्रिकूट पर्वत की तराई में हाथियों का राजा 'गजेन्द्र' अपने परिवार के साथ रहता था। एक दिन वह सरोवर में पानी पीने गया, तभी एक मगरमच्छ ने उसका पैर पकड़ लिया और उसे खींचने लगा। वर्षों तक यह संघर्ष चलता रहा। जब गजेन्द्र को लगा कि अब उसे कोई नहीं बचा सकता तब उसने पूर्ण समर्पण के साथ भगवान विष्णु की शरण ली। उसने अपनी सूंड में एक सुंदर कमल का फूल उठाया और भावपूर्ण मन से विष्णु स्तुति गजेन्द्र मोक्ष स्तोत्र का पाठ किया। गजेन्द्र की सच्ची पुकार सुनकर भगवान विष्णु तुरंत बैकुंठ से गरुड़ पर सवार होकर प्रकट हुए। उन्होंने अपने सुदर्शन चक्र से मगरमच्छ का वध कर गजेन्द्र को जल से बाहर निकालकर मुक्त किया। कथा के मुख्य यजमान समीर, स्मिता शर्मा हैं। कथा स्व. द्वारिका प्रसाद शर्मा की स्मृति में आयोजित है।

- प्रियदर्शनीय नगर में चल रही संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा

रोहिणी नक्षत्र में हुआ भगवान का जन्म

कथावाचक ने बताया कि द्वापर युग में मथुरा के राजा कंस का आतंक था। भविष्यवाणी के अनुसार कंस की बहन देवकी की आठवीं संतान उसका वध करेगी। भयभीत कंस ने देवकी-वासुदेव को कारागार में डाल दिया। वहां भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को आधी रात को रोहिणी नक्षत्र में भगवान कृष्ण का जन्म हुआ। कारागार के सभी पहरेदार सो गए, जंजीरें खुल गईं और वासुदेव नवजात कृष्ण को गोकुल में नंद बाबा और यशोदा के घर छोड़ आए। वहां से वे उनकी नवजात पुत्री को मथुरा वापस ले आए। जब कंस ने उस कन्या को मारना चाहा, तो वह आकाश में देवी के रूप में प्रकट हुई और उसे चेतावनी दी कि उसका काल पहले ही जन्म ले चुका है।

आर्केस्ट्रा में कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

मौसी मां मंदिर में प्रभु के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे स्थित मौसी मां मंदिर में महाप्रभु जगन्नाथ के सम्मान में हर दिन विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। इसमें तरूण शर्मा ग्रुप बिलासपुर ने एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति दी।

रथयात्रा के बाद महाप्रभु जगनाथ, देवी सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ अपने मौसी मां के घर में हैं। वहां उनके सम्मान में हर दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं भक्त भी महाप्रभु को अपने बीच पाकर प्रसन्न हैं और उनकी सेवा विभिन्न प्रकार के पारंपरिक पकवानों के साथ कर रहे हैं। भगवान जगन्नाथ का दर्शन करने भक्तजन निरंतर आ रहे हैं एवं विविध तरह के पकवान महाप्रभु को अर्पित कर रहे हैं। वहीं रात्रि में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आनंद ले रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष बीरबल प्रधान सहित अन्य सभी सदस्यों का सहयोग मिल रहा है।

कलाकारों की प्रस्तुति आज

गुरुवार 23 जुलाई को भी आर्केस्ट्रा का आयोजन है। इसमें कनक साहू ग्रुप के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। शुक्रवार 24 जुलाई को दोपहर दो बजे बहुड़ा यात्रा निकाली जाएगी। भगवान मौसी मां के घर से श्रीमंदिर वापस जाएंगे। बहुड़ा यात्रा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी बलराम प्रसाद साहू पूजा करेंगे। छेरा पहरा की रस्म सेवानिवृत्त अधिकारी गोपाल कृष्ण राय निभाएंगे।

राज्य शूटिंग में अंकित ने जीता सिल्वर

510 अंक हासिल कर रहा दूसरे स्थान पर

25 वीं छत्तीसगढ़ राज्य शूटिंग प्रतियोगिता में अंकित सिंह ठाकुर ने सिल्वर मेडल जीता है। 50 मीटर. 22 पीप साइट राइफल इवेंट में 600 में 510 अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्पोर्ट्स न्यूज

ज्ञात हो कि माना कैम्प रायपुर में 11 से 21 जुलाई तक आयोजित 25 वीं छत्तीसगढ़ राज्य शूटिंग प्रतियोगिता में निशानेबाज़ अंकित सिंह ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर 22 पीप साइट राइफल प्रतियोगिता की टीम इवेंट में सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

अपनी इस उपलब्धि पर अंकित सिंह ने कहा कि यह सिल्वर मेडल मेरे लिए एक नई शुरुआत है। अब वह अक्टूबर में होने वाली ओपन शूटिंग प्रतियोगिता की तैयारी में जुट जाएगा, ताकि नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई कर राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर सके।

ताइक्वांडो में वैदिक और भाग्यश्री ने जीता पदक

सीबीएसई जोनल लेवल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में वैदिक गुप्ता और भाग्यश्री ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किया है। स्पार्टस टीचर अरूण दुबे ने बताया कि पश्चिम बंगाल पुरुलिया के दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में 19 से 22 जुलाई तक सीबीएसई जोनल लेवल ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

इस प्रतियोगिता में अचीवर्स पब्लिक स्कूल गतौरा के खिलाड़ियों वैदिक गुप्ता, भाग्यश्री परिहार और प्रिंस परिहार ने भी हिस्सा लिया, जिसमें वैदिक गुप्ता ने अंडर 14 बालक वर्ग 36 किलोग्राम में शानदार खेल का प्रदर्शन कर रजत पदक और भाग्यश्री परिहार ने अंडर 17 बालिक वर्ग 35 किलोग्राम में कांस्य पदक प्राप्त किया है। खिलाड़ियों की वापसी पर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रीति चौहान, प्राचार्य अंकिता जायसवाल सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में रैफरी बनेंगे समीर

ऑल इंडिया पुलिस गेम्स के लिए बिलासपुर के मार्शल आर्ट प्रशिक्षक शेख समीर को रैफरी नियुक्त किया गया है। हैदराबाद में 23 से 31 जुलाई तक ऑल इंडिया पुलिस गेम्स का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के सभी प्रदेशों की पुलिस टीम हिस्सा ले रही है। इस प्रतियोगिता के लिए शहर के वरिष्ठ मार्शल आर्ट प्रशिक्षक शेख समीर को निर्णायक नियुक्त किया गया है। वह पेंचाक सिलाट खेल विद्या के रेफरी दल के हिस्सा होंगे। छत्तीसगढ़ पेंचाक छत्तीसगढ़ पेंचाक सिलाट संघ की कार्यालय सचिव बी अलवेनी राव ने बताया कि शेख समीर बिलासपुर एवं पूरी छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ मास्टर में से एक हैं। उनका यह चयन वरिष्ठता एवं मार्शल आर्ट खेल के प्रति उच्च स्तरीय ज्ञान के कारण हुआ है। पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट खेल परिवार के शेख समीर के चयन पर संरक्षक रविंद्र सिंह, अध्यक्ष मनीष बाग, एथलेटिक संघ के महासचिव अमरनाथ सिंह, हॉकी संघ के मनीष श्रीवास्तव, पारा स्विमिंग संघ के सूरज यादव, पेंचाक सिलाट संघ के सहसचिव डॉ. एम रत्नाकर, स्विमिंग संघ के हेमंत सिंह परिहार, यू मुरली राव, मोहम्मद दाऊद, शेख अरबाज अली ने शुभकामनाएं दी हैं।

कैरेक्टर एक्टर्स को मिलती है छोटी वैनिटी वैन : सुधीर

मुंबई। एक्टर सुधीर पांडे को अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाना जाता है। उन्होंने 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा' जैसी फिल्में की हैं। हाल ही में एक्टर ने उन एक्टर्स के बारे में बात की जो काफिले लेकर चलते हैं। उन्होंने ऐसे एक्टर्स पर गुस्सा जाहिर किया और कहा कि वो प्रोड्यूसर्स का पैसा बर्बाद करते हैं। साथ ही सुधीर ने कैरेक्टर्स एक्टर्स को लेकर भी रिएक्ट किया है। सुधीर पांडे ने बताया कि कैरेक्टर एक्टर्स को मुश्किल से बड़ी वैन मिलती है। उन्होंने कहा, 'हमारे जैसे कैरेक्टर एक्टर्स को मुश्किल से बड़ी वैनिटी वैन मिलती है। अक्सर हमें छोटी वैनिटी वैन दी जाती है। जो एक्टर पूरे काफिले के साथ आते हैं वो फेक लगते हैं। वो पैसे की बर्बादी है।

लाइफ Style

काजल

रामायण इंडिया की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही

काजल अग्रवाल ने फिल्म 'रामायण' को लेकर बड़ा खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने दावा किया कि ये भारत की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही है। उन्होंने अपने किरदार पर भी बात की। नितेश तिवारी की मचअवेटेड फिल्म 'रामायण' को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह बना हुआ है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में नजर आएंगे। राम के किरदार में उन्हें देखने के लिए दर्शक बेताक हैं। फिल्म में काजल अग्रवाल मंदोदरी की भूमिका निभा रही हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में काजल ने दावा किया कि 'रामायण' अपने विजन और बड़े पैमाने की वजह से भारत की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही है। काजल अग्रवाल ने कहा, 'ये फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। मुझे लगता है कि जब 'रामायण' ग्लोबल स्टेज पर रिलीज होगी, तो हर भारतीय के लिए ये गर्व का पल होगा। हमारे हीरो भी आखिरकार उसी लेवल पर नजर आएंगे, जैसे मार्वल के सुपरहीरोज या हैरी पॉटर यूनिवर्स के किरदार दिखाई देते हैं।' जब उनसे पूछा गया कि क्या 'रामायण' भारत की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही है, तो उन्होंने कहा, '100 पर्सेंट. इसका बजट, इसकी टेक्निकल क्वालिटी और मेकर्स का विजन बहुत बड़ा है। ये एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसमें पैन इंडिया स्टारकास्ट है और इसे ग्लोबल स्क्रीन के लिए बनाया गया है।' काजल अग्रवाल ने आगे ये भी बताया कि वो इन दिनों मंदोदरी के किरदार के लिए किताबें पढ़ रही हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इस समय मंदोदरी का किरदार निभा रही हूं, इसलिए उनके बारे में किताबें पढ़ रही हूं। मेरे लिए ये किरदार बेहद दिलचस्प है।'

हॉलीवुड मसाला

दिव्यांग बच्ची की भूमिका में आई थीं नजर

लॉस एंजिल्स। अभिनेत्री केली हॉटल का निधन हो गया है। एक सड़क दुर्घटना में केली की जान गई। वे 18 साल की थीं। अभिनेत्री ने साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'गॉडजिला एक्स कॉन्ग' और साल 2024 में रिलीज हुई इसकी अगली कड़ी 'गॉडजिला एक्स कॉन्ग- द न्यू एम्पायर' में अभिनय किया था। फिल्म में उन्हें 'जिया' नाम की एक दिव्यांग बच्ची भूमिका में देखा गया। फिर साल 2024 में केली 'गॉडजिला वर्सेस कॉन्ग' में भी इसी भूमिका में नजर आई थीं।

भारतीय दर्शकों को खूब लुभा रही द ओडिसी...

मुंबई। इन दिनों थिएटर्स में खूब रौनक है। क्रिस्टोफर नोलन की हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' भारतीय दर्शकों को खूब लुभा रही है। 17 जुलाई को रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' भारत में शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म को भारत में खूब प्यार मिल रहा है। मंडे टेस्ट में इस फिल्म ने शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं, मंगलवार को पांचवें दिन कलेक्शन में और इजाफा देखा गया। ओपनिंग डे पर फिल्म ने 17.40 करोड़ रुपए कमाए थे। दूसरे दिन 22 करोड़ रुपए और तीसरे दिन रविवार को 21.90 करोड़ की कमाई की। सोमवार को चौथे दिन फिल्म का कारोबार आठ करोड़ रुपए रहा। मंगलवार को फिल्म ने 8.35 करोड़ रुपए कमाए। पांच दिनों में 'द ओडिसी' का इंडिया नेट कलेक्शन 77.65 करोड़ रुपए हो गया है। हॉलीवुड की हॉरर फिल्म 'ईविल डेड बर्न' भी भारतीय सिनेमाघरों में लगी है। सोमवार को यानी 11वें दिन फिल्म का कलेक्शन 70 लाख रुपये रहा था।

अशनीर की बायोपिक से खुद को किया अलग

नई दिल्ली। कुछ समय पहले हमने आपको जानकारी दी थी कि एंटरप्रेन्योर और भारत पे के को-फाउंडर अशनीर ग्रोवर (पर एक बायोपिक बनाई जा रही है। ऐसी खबर आई थी कि आमिर खान इसका हिस्सा होंगे। हालांकि, अब जो जानकारी सामने आ रही है उसके हिसाब से एक्टर ने खुद को इससे अलग कर लिया है। क्रिएटिव डिफरेंस इसकी वजह बताई जा रही है। राहुल मोदी इस फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं और ये उनकी एक डायरेक्टर के तौर पर डेब्यू फिल्म भी होगी। श्रद्धा कपूर जोकि राहुल को डेट कर रही हैं इस फिल्म की लीड एक्ट्रेस हैं। हालांकि, एक रिपोर्ट के मुताबिक, आमिर अब इस फिल्म से जुड़े नहीं हैं। सूत्र ने बताया,'आमिर को स्टार्ट-अप की दुनिया बहुत पसंद है और वह अशनीर ग्रोवर की बायोपिक के जरिए इस क्षेत्र में कदम रखने के लिए उत्सुक थे।

उन्होंने स्क्रिप्ट पर काम किया और अपनी समझ के अनुसार उसे बेहतर बनाया। लेकिन आखिरकार, राहुल मोदी के साथ उनके क्रिएटिव मतभेद हो गए, जिसके चलते दोनों अलग हो गए।' श्रद्धा हैं फिल्म की एक्ट्रेस खबरों के अनुसार आमिर के बाहर होने के बावजूद, यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ रहा है और राहुल व श्रद्धा इसमें बने हुए हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मेकर्स अब ग्रोवर के रोल के लिए किसी कम उम्र के एक्टर को कास्ट करने पर विचार कर रहे हैं और इस बारे में दो-तीन बड़े नामों के साथ बातचीत चल रही है। उम्मीद है कि जल्द ही कास्टिंग फाइनल हो जाएगी। हालांकि, आमिर खान के इस प्रोजेक्ट से बाहर होने की जानकारी अभी ऑफिशियल नहीं आई है।



द स्कैम- लीक्ड का टीजर रिलीज...

मुंबई। पूरे देश में जब मेडिकल के पेपर लीक का मुद्दा गरमाया हुआ है। छात्र सड़कों पर आंदोलन करने उतरे हैं। तब बुधवार को वेब सीरीज 'द स्कैम-लीक्ड' का टीजर जारी हुआ है। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दस्तक देगी। सीरीज का विषय मेडिकल पेपर लीक विषय से मिलता हुआ है। ट्रेलर के साथ कैप्शन लिखा है, 'एक पेपर। लाखों सपने। एक लीक। देश हैरान'। जी5 ने टीजर जारी किया है। इसमें दिखाया जा सकता है कि परीक्षा से ठीक पहले गोदाम से पेपर लीक हो रहे हैं। कारखाने में परीक्षा के पर्चों की छपाई हो रही है। इसी बीच पेपर लीक कर दिया जाता है। इसे कैसे अंजाम दिया गया, इसकी एक झलक दिखाई गई है। इसके बाद सीधे समाचारों में ब्रेकिंग न्यूज फ्लैश होती है कि नीट का पेपर लीक हो गया है। पेपर लीक होने के बाद स्टूडेंट्स के चेहरों पर मायूसी और गुस्से के भाव देखने को मिलते हैं।

सैराब को मिल गया नया ईशान? आशय कर सकते हैं रोहित को रिप्लेस

नई दिल्ली। स्टार प्लस का नया शो 'सैराब' इन दिनों लगातार चर्चा में बना हुआ है। इसकी वजह शो के लीड एक्टर रोहित चंदेल हैं। रोहित पर एक नाबालिग से छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप लगा है। इसी मामले में उन्हें 10 जुलाई से न्यायिक हिरासत में रखा गया है। इसका असर शो की शूटिंग पर भी पड़ा है। हालांकि, मेकर्स ने कहानी को आगे बढ़ाने के लिए ईशान के किरदार को कुछ समय तक किडनैपिंग ट्रैक के जरिए संभाला। अब खबर आ रही है कि मेकर्स ने रोहित चंदेल की जगह नए चेहरे को लाने का फैसला किया है। सास बहू साजिश की एक रिपोर्ट के अनुसार, टीवी के पॉपुलर एक्टर आशय मिश्रा शो में नए ईशान के किरदार में नजर आ सकते हैं। वो जल्द ही रोहित चंदेल को रिप्लेस कर सकते हैं। हालांकि, मेकर्स की ओर से अभी तक इस बदलाव को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। रोहित चंदेल की गिरफ्तारी के बाद से ही उनके रिप्लेसमेंट को लेकर लगातार चर्चाएं हो रही थीं. शुरुआत में माना जा रहा था कि अगर उन्हें जमानत मिल जाती है तो वो शो में वापसी कर सकते हैं। हालांकि, जमानत नहीं मिलने के बाद मेकर्स ने नए चेहरे के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब आशय मिश्रा सीरियल 'सैराब' में नए ईशान के किरदार में नजर आ सकते हैं। माना जा रहा है कि आने वाले एपिसोड्स में इस बदलाव से पर्दा उठ जाएगा। रोहित चंदेल के रिप्लेस होने की खबर से उनके फैंस काफी निराश हैं।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं धर्मेन्द्र कैवर्त पिता दाउराम कैवर्त निवासी म. न. 105 वार्ड न.07 बेलगहना पोस्ट बीजा तह. तखतपुर जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ 495113 का स्थाई निवासी हूँ। जो कि मैं अपने पुत्री का पूर्व नाम रोशनी (ROSHNI) को परिवर्तित कर नया नाम नेहा कैवर्त (NEHA KAIVART) रख लिया हूँ।

अत: अब से भविष्य मे मेरे पुत्री को सभी शासकीय, अर्ध शासकीय, सभी दस्तावेजों व निजी कार्यों में नया नाम नेहा कैवर्त (NEHA KAIVART) से जाना और पहचान जाए।

दिनांक: 21/07/2026

धर्मेन्द्र कैवर्त
पिता- दाउराम कैवर्त
निवासी - बेलगहना पोस्ट बीजा
तह. तखतपुर जिला बिलासपुर
छत्तीसगढ़ 495330

न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
राजस्व प्रकरण क्रमांक 221/
अ-20(1)/2025-26
पक्षकार श्री मुकुन्द देहनकर
S/o स्व. डी. टी. देहनकर....**आवेदक**
विरुद्ध
छत्तीसगढ़ शासन.....**अनावेदक**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता कि आवेदक श्री मुकुन्द देहनकर पिता स्व.डी.टी. देहनकर निवासी तिलकनगर बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वत:/अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला तिलक नगर शीट नंबर 11 प्लाट नं.- 14/3 रकबा 4984 वर्गफुट भूमि को स्थायी पट्टे पर आवासीय / व्यवसायिक उपयोग हेतु उसके -नाम से स्वीकृत हैं। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 31/3/2027 के लिये आवेदक/आवेदिका अगले 30 वर्षों के लिये उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक/आवेदिका की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतु प्रस्तावित है ।

अत: इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 13/8/26 को स्वत: / अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में शाम 5.30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात तिथि / समय में आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं आवेदक/आवेदिका की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा ।

आज दिनांक 21/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार गनियारी
जिला - बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार//
रा.प्र.क्र./ ...../2025-26
मौजा मोहनभाठा तहसील सकरी
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंगम टंडन पिता स्व. झनका एवं अन्य द्वारा मौजा मोहनभाठा प.ह.नं. 21 रा.नि.मं गनियारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.नं. 97/3, 563/1 शामिल नं. 564/1 खातेदार प्रीतम, जगमोहन, अगम पिता झनका जेठियाबाई राये बेदबाई कौशिल्या पुत्री झनका के संयुक्त नाम दर्ज है, सहखातेदार जगमोहन पिता झनका की मृत्यु होने से वारिसानों के नाम फौती नामांतरण कराने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त सबंध में जिस किस व्यक्ति या संस्था को कोई दावा /आपत्ति हो तो वह दिनांक 27/07/2026 अपना दावा /आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियम पेशी दिनांक 27/07/26 तक प्रस्तुत कर सकते है।

अत: आज दिनांक 06/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार, गनियारी

न्यायालय नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)
-: ईश्तहार :-
रा.प्र.क्र./ अ-6/2025-26
पक्षकार प्रमीत शर्मा पिता डा.प्रमोद शर्मा वगै.
.....आवेदक
बनाम
आम जनता .....अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण प्रमीत शर्मा पिता डा. प्रमोद शर्मा वगै. निवासी रायपुर डंगनिया तहसील व जिला डगनिया छ.ग. ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चांटापारा शीट नं. 08 प्लाट नं. 7/6 रकबा 1237 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि वर्तमान नजूल अभिलेख मे मुकेश पिता स्व. लोकनाथ एवं अन्य 06 के नाम पर दर्ज है। आवेदित भूमि के सहधारक /आवेदकगण की माता प्रेमलता की मृत्यु दिनांक 10.09.2025 को हो चुकी है। आवेदकगण के व्दारा उक्त भूमि को फौती के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109,110 छ.भू.रा.सं.1959 वास्ते आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 27/7/2026 को न्यायालयीन समय में स्वत: उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 10/7/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर,
जिला बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
क्रमांक/क/तह./ वा. / 2026
बिलासपुर, दिनांक 21/07/2026

मौजा जूनाबिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा जूनाबिलासपुर प0ह0न0 36 तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित / कृषि भूमि ख0न0 103/1 रकबा 0.0466 हे0 भूमि का खातेदार का फौत होने से आवेदक मुजर हुसैन पिता स्व. हुसैन अली वगैरह निवासी बहोरा मस्जिद के पास लालालाजपतराय नगर खपरगंज बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा फौती नामांतरण हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत हेतु आवेदन पत्र, शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, बी-1, खसरा सहित पेश किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनॉक 11/08/2026 को सुबह 11:00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनॉक 21/07/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार सकरी,
तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
रा.प्र.क्र...../ब-121/2023-24
ग्राम भरनी, तहसील सकरी,
बिलासपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीराम मंजारे पिता रामदुलारे निवासी भरनी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग के द्वारा अपने पुत्र समर कुमार मंजारे पिता मनी राम मंजारे की जन्म दिनांक 06.03.2012 को ग्राम भरनी में होने के कारण जन्म / मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 13 (3)/9(3) के तहत जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा / आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत: उक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 30.7.26 के पूर्व अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 15.7.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सकरी

न्यायालय तहसीलदार सकरी,
तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
रा.प्र.क्र...../ब-121/2023-24
ग्राम भरनी, तहसील सकरी,
बिलासपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीराम मंजारे पिता रामदुलारे निवासी भरनी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग के द्वारा अपने पुत्र समर कुमार मंजारे पिता मनी राम मंजारे की जन्म दिनांक 06.03.2012 को ग्राम भरनी में होने के कारण जन्म / मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 13 (3)/9(3) के तहत जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा / आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत: उक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 30.7.26 के पूर्व अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 15.7.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सकरी

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं नजूल अधिकारी कोटा
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
क्रमांक 1303 / वाचक-1/ नजूल / 2026
कोटा, दिनांक 15/5/26

एतद द्वारा सर्वसाधारण ग्राम कोटा प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. व तहसील कोटा जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोमसिंह पिता रामशरण, निवासी पुरानी बस्ती कोटा, तहसील कोटा, जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र वास्ते फौती नामांतरण का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके अनुसार मौजा ग्राम कोटा, तहसील कोटा, जिला बिलासपुर स्थित नजूल भूमि है। जिसका शीट नं 31 प्लॉट नं. 256 क्षेत्रफल 43 जो कि आवेदक की नानी कलीबाई पति सूना राम उर्फ रामकली की मृत्यु दिनांक 25.01.2017 एवं आवेदक की माता यशोदा बाई उर्फ दशोदा की मृत्यु दिनांक 26.03.2025 को हो चुकी है। जो सुनवाई हेतु दिनांक 30.07.2026 को नियत है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 30.07.2026 को न्यायालयीन समय 10.30 बजे उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं नजूल अधिकारी कोटा
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी
तहसील सकरी जिला बिलासपुर
सीमांकन सूचना/ स्थल जाँच
प्रति,
(1) नीलू टंडन पति किशोर टंडन (2) अंजनी कुमार ताम्रकार (3) केरकेट्टा जी (4) भानू सिंह (5) अन्य हितबद्ध पक्षकार (6) संतोषी ध्रुव
विषय- सीमांकन/ स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत।
संदर्भ- न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह./ ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 08/06/2026

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम अमेरी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा नं. 16/22 रकबा 2400 वर्गफीट/एकड़/हेक्टेयर भूमि स्वामी नीलू टंडन पति किशोर टंडन निवासी आसमा सिटी सकरी के द्वारा सीमांकन/ स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/ स्थल जाँच दिनांक 24/07/26 को समय 11:00 से 5:00 बजे किया जावेगा।

अत: आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अत: सूचना जाने।

टिप.- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

1. न्यायलय तहसीलदार / अति. तह./ना. तह. को सूचनार्थ
2. हल्का पटवारी को सूचनार्थ
3. नगर पालिक निगम बिलासपुर को सूचनार्थ

राजस्व निरीक्षक
सकरी

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी
रतनपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
रतनपुर, दिनांक 14/7/2026
रा.प्र.क्र.....(ब-121/2025-26)
मौजा - ग्राम-सीस

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बहोरन लाल साहू पिता स्व. चोलाराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम सीस तहसील रतनपुर जिला-बिलासपुर द्वारा अपने पिता चोलाराम साहू पिता पंचम का मृत्यु दिनांक **28.12.2002** को ग्राम सीस में हो जाने के उपरांत कानूनी अज्ञानतावश ग्राम पंचायत सीस में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के धारा 13 (3) एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के कंडिका 9 (3) अन्तर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं सचिव ग्राम पंचायत सीस को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 29/07/2026 को दावा/आपत्ति न्यायालयीन समयावधि में इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
तहसील-रतनपुर,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)



खबर संक्षेप

कुलदीप को मिला गौ विज्ञान परीक्षा में प्रदेश में द्वितीय स्थान

लोरमी। विकासखंड के ग्राम मनोहरपुर (बरमपुर) के छात्र कुलदीप पुरले ने तृतीय चरण राज्य स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बी श्रेणी में प्रदेशभर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर उन्हें नकद पुरस्कार राशि एवं सम्मान प्रदान किया गया। रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषक सभागार में आयोजित गौ सेवा संगम, गौ सेवकों के अभिनंदन एवं गौ विज्ञान परीक्षा-2025 के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कुलदीप पुरले को सम्मानित किया। कुलदीप की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट में सम्मानित किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे, गौ विज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक गौकरण डिंडोले, लेखराम साहू सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की नई शाखा का शुभारंभ

मल्हार। छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की 629 वीं शाखा एवं जिले की 37वीं शाखा का शुभारंभ मल्हार में बुधवार को किया गया। शाखा परिसर का शुभारम्भ बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा द्वारा दीप प्रज्वलित व पूजन कर किया गया। समारोह में क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश सिंह राजपूत, कॉर्पोरेट ऑफिस से श्रीनिवास, वरिष्ठ प्रबंधक परिचालन दिनेश कुमार चौहान, सामान्य बैंकिंग प्रभारी राहुल कुमार शर्मा, नवीन शाखा मल्हार के शाखा प्रबंधक धीरज कुमार, कार्यालय सहायक यश गुप्ता, शेषनारायण गुप्ता, अवधेश कुमार, अकत राम सिन्हा, नरेन्द्र कुमार, सत्य राय एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में अध्यक्ष ने बैंक के विभिन्न उत्पादों के बारे में बताया और कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए यह नवीन शाखा मील का पत्थर साबित होगी। साइबर सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी भी दी गई और बताया गया कि कैसे जागरूक होकर साइबर अपराधों से बचा जा सकता है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के लिए बैंक की उपयोगिता और विभिन्न फायदे भी बताए। यह जानकारी लोगों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण साबित होगी।

चाकू लहराकर लहराकर राहगीरों को डराने वाले बदमाश को पुलिस ने पकड़ा

रतनपुर। पुलिस ने कलमीटार रोड पर स्थित शराब भट्टी के पास धारदार बटनदार चाकू लहराकर राहगीरों को डराने-धमकाने वाले एक आदतन बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के कब्जे से एक बटनदार चाकू भी जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार, 22 जुलाई को सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निलेश पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी मनीष उर्फ बंधन गोस्वामी 22 वर्ष, निवासी करैहापारा, रतनपुर, को मौके से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक धारदार बटनदार चाकू बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

फास्टरपुर स्कूल में शाला प्रबंधन समिति की बैठक

सेतगंगा/मुंगेली। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला फास्टरपुर में शाला प्रबंधन समिति के लिए बैठक आहूत की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत सरपंच नागोपहरी, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि नेमसिंग बोगी बारमते, सेवानिवृत्त शिक्षक श्री कुर्रे, हेमंत आहिरे, नरेन्द्र जायसवाल, अखिल टोंडर, मुकेश मसीह उपस्थित रहे। प्राचार्य पूर्णिमा मिश्रा ने कहा कि शिक्षा से ही विकास प्रारंभ होता है इस लिए शिक्षण संस्थानो के माध्यम से हमारे विद्यार्थियो की गुणवत्ता युक्त एवं परिणाम उन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। कार्यक्रम को सरपंच प्रशांत मसीह, नरेन्द्र जायसवाल, नेमसिंग बोगी, सेवानिवृत्त शिक्षक श्री कुर्रे ने भी संबोधित किया। आभार संस्था प्रमुख पूर्णिमा मिश्रा ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शालेय परिवार, क्षेत्रिय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु काउंसलिंग 5 अगस्त तक

मुंगेली। प्रयास आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु काउंसलिंग 5 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग के दौरान विद्यार्थियों को कक्षा 8वीं की अंकसूची अथवा कक्षा 8वीं में अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र सहित निर्धारित अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे। दस्तावेजों के सत्यापन के उपरांत नियमानुसार प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

कार्रवाई नहीं होने पर एसडीएम कार्यालय के घेराव की चेतावनी

फर्जी बिल घोटाले को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

टेंट के नाम पर फर्जी बिल लगाने वाले संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर ब्लाक एवं नगर कांग्रेस ने 22 जुलाई को पुराना बस स्टैण्ड पर धरना प्रदर्शन किया। संचालक के खिलाफ एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई नहीं होने पर एसडीएम कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी गई। धरना प्रदर्शन के बाद कांग्रेसी रैली के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचें और ज्ञापन सौंपा गया।

तखतपुर के पालिटेक्निक कालेज में एक कार्यक्रम के नाम पर 24 लाख 77 हजार रूपए का फर्जी बिल लगाकर राशि भुनाने की जानकारी लगने पर कांग्रेस ने 22 जुलाई को भष्टाचार जन विरोधी आंदोलन के तहत धरना प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि शासकीय राशि की अनियमितता का ताजा उदाहरण तखतपुर में देखने को मिला है। जहां पर एक कार्यक्रम के नाम पर लगभग 25 लाख रूपए का फर्जी बिल लगा दिया गया। यह सब जानकारी कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव को विधानसभा में लगाए गए सूचना के जवाब में मिली। उन्होंने कहा कि यदि फर्जी बिल लगाने वाले के खिलाफ एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई नहीं की गई तो एसडीएम कार्यालय, कलेक्टर कार्यालय एवं उपमुख्यमंत्री के निवास का घेराव किया जाएगा। पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़ ने कहा कि पॉलिटेक्निक कॉलेज में ठेकेदार द्वारा फर्जी बिल लगाया गया है और इसे मंत्री ने भी विधानसभा में स्वीकार किया है। इस फर्जी बिल में अधिकारी, नेता और ठेकेदार शामिल हैं। इन सबके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र पाण्डेय ने कहा कि भाजपा की सरकार प्रदेश में बेलगाम हो चुकी है। अधिकारी बेलगाम हैं। नगर कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र निर्मलकर ने कहा कि 12 दिसंबर 2024 को कार्यक्रम के नाम पर जशराज टेंट एवं केटरिंग, रायपुर के माध्यम से टेंट, स्टेज एवं कुर्सी व्यवस्था के लिए 24.77 लाख रुपये का बिल लगाए जाने का उल्लेख है। इसी प्रकार 19 नवंबर 2025 को बग्गा टेंट हाउस, तखतपुर के माध्यम से टेंट, पंडाल एवं कुर्सी व्यवस्था के लिए 12.53 लाख रुपये का बिल लगाए जाने की जानकारी भी सामने आई है। कार्यक्रम का संचालन अजय देवांगन एवं आभार प्रदर्शन बिसाहू कश्यप ने किया। धरना-प्रदर्शन को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अभ्युदय तिवारी, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शैलेन्द्र निर्मलकर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सकरी के अध्यक्ष अमित साहू, अजय सिंह, शिवबालक कौशिक, बिरझेराम सिंगरौल, मुन्ना श्रीवास ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर आत्मजीत मक्कड़, सुरेश ठाकुर, अजय सिंह, गोविन्द साहू, शिवबालक कौशिक, जीतेन्द्र पाण्डेय, शिवेंद्र कौशिक, अनिल कौशिक, जीतेन्द्र राज सूर्यवंशी, दिनेश देवांगन, बिसाहू राम कश्यप, अजय देवांगन, सुनील जांगड़े, अभिषेक पाण्डेय, बबलू गुप्ता, चंद्रप्रकाश देवांगन, अजमेर खान, नट्टू अजमत हुसैन, हरविंदर हुरा, रमनप्रीत हुरा, मोनू ठाकुर, संतोष पाल, प्रदीप पाली, स्वारथ मरावी, संतोष मानिकपुरी, राधेश्याम जोगीबंश, राजेश बंजारे, मनीष रजक, नरेंद्र सूर्यवंशी, दिलीप सूर्यवंशी सहित अन्य उपस्थित रहे।

किया पुतला दहन

प्रदर्शन के दौरान दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के विरुद्ध पुलिस द्वारा की गई लाठी चार्ज की कार्रवाई का विरोध किया गया और पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कर रहे कांग्रेसियों और पुलिस की बीच झूमाझटकी भी हुई।

छात्रा को बंधक बनाने वाला शिक्षक बर्खास्त, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

- स्कूल स्टाफ ने शिक्षक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की मांग की

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पेण्ड्रा में संस्कृत विषय के संविदा शिक्षक अमित शर्मा को एक नाबालिग छात्रा को बंधक बनाने के आरोप में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ,डीईओ, रजनीश तिवारी ने कलेक्टर के अनुमोदन के बाद यह आदेश जारी किया। आरोपी शिक्षक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बी.एन.एस. 2023 की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

आरोप है कि शिक्षक अमित शर्मा ,मूल निवासी सतना, मध्य प्रदेश ने छात्रा को स्कूल छोड़ने के बहाने बहला-फुसलाकर विंदेश्वरी पुरम स्थित अपने घर ले जाकर लगभग चार घंटे तक बंधक बनाकर रखा था। यह घटना सामने आने के बाद पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पेण्ड्रा थाने में एफआईआर दर्ज की गई।

पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और पीड़िता के बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ और भी गंभीर धाराएं बढ़ाई जा रही हैं। बताया जा रहा है कि पिछले सत्र में भी छात्रा के परिजनों ने आरोपी शिक्षक की हरकतों की शिकायत प्राचार्य से की थी, जिसके बाद उसे चेतावनी दी गई थी। हालांकि, उसके आचरण में सुधार नहीं आया। डीईओ द्वारा जारी बर्खास्तगी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि शिक्षक ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन किया और शिक्षकीय मर्यादा को तार-तार कर विभाग की छवि धूमिल की। इस घटना से आक्रोशित शिक्षक संगठनों, पालकों और स्कूल स्टाफ ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ कड़ी कानूनी और विभागीय कार्रवाई की मांग की है।

बीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण, जर्जर भवनों में क्लास नहीं चलाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनीषा पाटले एवं विकास खंड श्रोत समन्वयक दया राम साहू द्वारा संकुल केंद्र डोंगरिया अंतर्गत ,प्राथमिक शाला डोंगरिया, ,मिडिल स्कूल डोंगरिया प्राथमिक शाला गोंड पारा डोगरिया,कंचनपुर ,कोसा बाड़ी का निरीक्षण किया गया।

एवं जर्जर शाला भवन का निरीक्षण किया। जर्जर शाला भवन में कक्षा संचालित नहीं करने का निर्देश दिया गया एवं सभी विद्यालय में छत की टेम्परेरी मरम्मत व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। बच्चों की शैक्षणिक स्तर का अवलोकन किया गया। ज्ञात हो कि कलेक्टर कुन्दन कुमार द्वारा जिले के जर्जर स्कूलों आंगन बाड़ी भवनों को चिन्हित कर सुरक्षा की दृष्टि से डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए गए हैं । इसका उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित एवं गुणवत्ता पूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर समन्वयक राजेश कुंभकार उपस्थित रहे।

कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

बिल्हा। कांग्रेस कमेटी के द्वारा गुरुवार को दोपहर 1 बजे स्थान शनिचरी बाजार में नीट पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा। दिल्ली में आयोजित शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान छात्रों पर हुए बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज के विरोध में छात्र समुदाय के समर्थन में धरने पर बैठे कांग्रेस मल्लिकार्जुन खड़गे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित सांसदों एवं वरिष्ठ नेताओं के गिरफ्तारी के विरोध में पुतला दहन करते हुए प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर बिल्हा के पूर्व विधायक सियाराम कौशिक उपस्थित रहेंगे। साथ ही प्रदेश जिला, ब्लॉक मंडल, सेक्टर, बूथ के पदाधिकारी निवार्चित, पूर्व निर्वाचित जन प्रतिनिधि, वरिष्ठ कांग्रेस सभी प्रकोष्ट के पदाधिकारी सहित कांग्रेस जनों की उपस्थिति की अपील की है।

पत्नी पर बंसुला से जानलेवा हमला करने वाले पति को 3 साल का कठोर कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार की अदालत ने पत्नी पर लोहे के बसुला से हमला करने वाले आरोपी पति को बुधराम उइके को 3 साल के कठोर कारावास और 500 रूपए जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पति बुधराम उइके को बीएनएस की धारा 110 भाग-2 के तहत दोषी ठहराते हुए 3 साल के कठोर कारावास और 500 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर आरोपी को 15 दिन का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा।

घटना 12 अप्रैल 2025 की है, जब पेंड्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आरोपी बुधराम उइके ने घरेलू विवाद में अपनी पत्नी चंद्रावती के कंधे और पीठ पर लोहे के बसुला से जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में पीड़िता के बाएं हिस्से की तीन से चार पसलियां टूट गई थीं। पीड़िता के दामाद खेलन सिंह की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी को 13 अप्रैल 2025 को गिरफ्तार कर लिया था।

मामले की सुनवाई के दौरान अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल सिंह ने 13 गवाहों के बयान और फोरेंसिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट में जब्त किए गए बसुला पर इंसान के खून के निशान पाए जाने की पुष्टि हुई। अदालत ने सभी साक्ष्यों, गवाहों के बयानों और मेडिकल रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने आरोपी बुधराम उइके को बीएनएस की धारा 110 भाग 2 के तहत दोषी करार देते हुए सजा का आदेश जारी किया।

सूर्य नमस्कार एवं औषधीय वृक्ष पर चित्रकला प्रतियोगिता

लोरमी। ग्राम सेमरसल में सूर्य नमस्कार एवं औषधीय वृक्ष विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए सूर्य नमस्कार एवं विभिन्न औषधीय वृक्षों पर आकर्षक एवं रचनात्मक चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुहाना बंजारे, द्वितीय सोनिया भट्ट, तृतीय मेघा ध्रुव एवं चतुर्थ स्थान शुभी साहू प्राप्त किये। अंत में उत्कृष्ट चित्र बनाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने नीम, तुलसी, गिलोय, आंवला, पीपल सहित अन्य औषधीय पौधों के महत्व एवं उनके स्वास्थ्य लाभों को चित्रों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। आयुष चिकित्सक डॉ. आफरीन खान ने विद्यार्थियों को नियमित योग करने, औषधीय पौधों के संरक्षण तथा उनके दैनिक जीवन में महत्व के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानपाठक आत्माराम कश्यप, शिक्षक राकेश पांडेय, राजकुमार कश्यप, पुष्पा चतुर्वेदी, उमाशंकर राजपूत एवं धर्मेंद्र राजपूत मौजूद रहे।

28 छात्राओं को सायकल वितरित

लोरमी। ग्राम लगरा के विद्यालय में निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत कक्षा 9वीं की 28 बालिकाओं को सायकल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यार्थियों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे -निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक एवं सायकल वितरण,राज्य छात्रवृत्ति, केन्द्र प्रवर्तित छात्रवृत्ति की संक्षिप्त जानकारी दी गई। सायकल योजना से लाभान्वित होने वाली बालिकाओं को पुष्पहार पहनाकर मिठाई खिलाया गया। फिर उपस्थित गणमान्य नागरिक एवं प्राचार्य द्वारा सायकल से शिक्षा में प्राप्त होने वाली मदद के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में मुरारी सोनकर, कोमल चंद्राकर एवं पालक तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

शीर्ष नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

मुंगेली। छात्र समुदाय के समर्थन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आह्वान पर बुधवार 22 जुलाई की शाम जिला मुख्यालय मुंगेली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के तहत पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। इसके बाद कांग्रेस भवन से गांधी प्रतिमा तक कैंडल मार्च निकालकर जगदलपुर की छात्रा हरिका राव नायडू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान घनश्याम वर्मा ने कहा कि छात्र-युवा देश का भविष्य हैं और उनकी समस्याओं की अनदेखी किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक है।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में कांग्रेस भवन से गांधी प्रतिमा तक कैंडल मार्च निकाला गया। इस अवसर पर घनश्याम वर्मा, संजीत बनर्जी, थानेश्वर साहू, हेमेंद्र गोस्वामी, दीपक गुप्ता, दिलीप बंजारा, संजय यादव, मुकेश मिरी, रघुराज सिंह, मनिष त्रिपाठी, श्री ठाकुर, उमेश धृतलहरे, संजय जायसवाल, अरविन्द वैष्नव, विद्यानंद चंद्राकर, जित्तू श्रीवास्तव, जलेश यादव, विष्णु खांडे, रघुराज श्रीनेत, तारणी विश्वकर्मा, सूरज यादव,थानु राजपूत, भरत लाल टोण्डे, अखिल टोण्डर, कुलेश्वर बारमते, संपत जायसवाल, मकराल यादव, कृष्णा यादव, सुरेन्द साहु, निरंजन साहू, रवि कोशले, सुरेश बंजारे, अजय साहू, साहिल हुसैन, कुलदीप पाटले, उत्तरा अनंत, जगदीप, नौसाद खान, खेलन दास, अरूण कुलमित्र, नीरज यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छात्रों और कांग्रेस नेताओं पर पुलिसिया बर्बरता पर राजेन्द्र ने साधा निशाना

बिल्हा। कांग्रेस नेता राजेन्द्र शुक्ला ने कहा है कि देश में विगत 1 दशक से हो रहे नीट, रीट, युजीसी, एनईटी, आईआरएस, सीबीएसई जैसे प्रमुख पेपर लीक मामले में विभिन्न राज्यों से दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहुंचे विद्यार्थियों के द्वारा पिछले 1 महीनों से धरना दिया जा रहा है। विगत दिवस संसद मार्च को निकले विद्यार्थियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज, आंसू गैस और वॉटर कैनन का प्रयोग किया। जिसमें कई छात्र-छात्राएं घायल हुए, इसकी जिम्मेदारी लेने के बजाय सरकार भाग रही है। सरकार से सदन में चर्चा व जिम्मेदारी तय कर इस्तीफे के मांग को लेकर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी व विपक्षी दलों के नेताओं ने प्रधानमंत्री आवास पर धरना दिया। जंहा पुलिस ने कार्यवाही करते हुए राहुल गांधी को हिरासत में ले लिया। 22 छात्रों ने पेपर लीक के चलते आत्महत्या कर ली तब भी सरकार के कान में जू नही रेंगी। छात्रों पर हुए अत्याचार के लिए जिम्मेदार लोगों को तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देकर उन्हें उचित मुआवजा भी दिया जाना चाहिए।

जनता की सेवा ही जीवन का मुख्य ध्येयः शुक्ला

समर्थकों के साथ जन्म दिन मनाते नगर पालिका अध्यक्ष।

- नपा अध्यक्ष के जन्मदिन पर हुए विविध आयोजन

मुंगेली। नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला का जन्मदिन पूरे नगर में उत्साह और सेवा भाव के साथ मनाया गया। दिन की शुरुआत से लेकर देर रात तक बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। नगर के विभिन्न चौक-चौराहों, धार्मिक स्थलों और सामाजिक संस्थाओं में केक काटकर व फूल-मालाओं से अपने लाडले जनप्रतिनीधि का आत्मीय स्वागत किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने अपने जन्मदिन पर निज निवास में दिन की शुरुआत अपनी स्व. माता की तस्वीर में माल्यार्पण कर एवं पिता का आशीर्वाद लेकर की। इसके पश्चात वे सीधे नया बस स्टैंड स्थित श्री हनुमान मंदिर पहुँचे, जहां उन्होंने बजरंगबली का विशेष पूजा-अर्चना कर नगर की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। धार्मिक अनुष्ठान के बाद नपा अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम पहुंचे, जहां पुष्प वाटिका योग समिति के सदस्यों के साथ उन्होंने केक काटा। इसके बाद वे मूक-बधिर स्कूल और वृद्धाश्रम पहुंचे, जहाँ उन्होंने बच्चों और बुजुर्गों के साथ वक्त बिताया। साथ ही गौशाला में गौ सेवा समिति के साथ मिलकर गौ-माता की सेवा में विशेष भोज का आयोजन किया और आशीर्वाद लिया। नगर के अलग-अलग प्रमुख स्थलों पर विभिन्न समाज, संगठनों और मित्रों द्वारा भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए गए। नवागढ़ रोड चौक में कर्मा माता की पूजा के पश्चात मनोज सोनकर और शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक गुप्ता एवं ग्रुप द्वारा भव्य स्वागत किया गया। लोरमी बायपास के पास श्रीनिवास ठाकुर के कार्यालय में भव्य स्वागत एवं केक काटा गया। स्टार ऑफ टुमारो व महाराणा प्रताप चौक में महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। बाबा गुरु घासीदास चौक में मौनी वाधवा, महावीर साइकिल स्टोर की ओर से बधाई दी गई। पुलपारा चौक में नीरज यादव एवं सर्व महिला समाज द्वारा स्वागत हुआ। परशुराम चौक में सर्व ब्राह्मण महिला परिषद के अध्यक्ष निधि पौराणिक एवं महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अभिनंदन किया गया। नगर पालिका परिषद में हॉल में समस्त पार्षदों द्वारा कार्यक्रम रखा गया। शिक्षक नगर व मानस भवन में शिक्षक नगर ग्रुप, जित्तू श्रीवास्तव एवं मनीष उपाध्याय, काली माई व बजरंग मंदिर समिति ने स्वागत किया। बलानी चौक व मलाई घाट में शैलू देवांगन ग्रुप और मलाई घाट दुर्गा पंडाल में दीपक छाबड़ा व सतीश तंबोली द्वारा बधाई दी गई। राम मंदिर व महामाई मंदिर में आनंद सोनी, जय सोनी और महिलाओं से भेंट-मुलाकात के दौरान वैशाली सोनी के घर पर विशेष आयोजन हुआ। बड़ा बाजार व पुराना बस स्टैंड में मेराज खान बड़ा बाजार ग्रुप, धीरज पांडे, प्रिंशु दुबे, आरिफ खोखर, निजाम खान, आसिफ खोखर और असद खोखर द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। नंदी चौक में राजा मानिक, टीपू खान ग्रुप और मित्र मंडली ने माला पहनाकर नपा अध्यक्ष का अभिवादन किया। शाम को नगर के होटल पुनीत में एक भव्य गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां नगर के प्रबुद्ध और वरिष्ठजनों की उपस्थिति में केक काटा गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ चौंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम आर्य, चंद्रभान बारमते, उमेश धृतलहरे, श्याम जायसवाल, नरेंद्र कोटारिया और कौशल सिंह क्षत्रिय सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने रोहित शुक्ला को दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दीं।

फांसी के फंदे पर लटकती मिली महिला की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

समीपस्थ ग्राम बुधवारा में सुबह एक विवाहित महिला की लाश फांसी के फंदे पर लटकती हुई मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

पुलिस के अनुसार 22 जुलाई को सुबह 9 बजे ग्राम बुधवारा निवासी नारद मरकाम ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पुत्री सुमन टेकाम उम्र 25 वर्ष की शव घर के म्यार में फंसी के फंदे पर लटक रही है। पिता नारद मरकाम ने बताया कि सुबह लगभग 9 बजे जब वे खेत से लौटे तो उनकी पुत्री घर में फांसी पर लटकती मिली। मृतका विवाहित थी और दो बच्चों की मां थी। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर शव को पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। पुलिस ने कहा कि मृत्यु का कारण स्पष्ट होने के लिए विवेचना जारी है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। छोटे बच्चों की माँ के इस तरह अचानक मौत से गांव में शोक का माहौल है। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में जुट गई है।

मुंगेली तहसील में सर्वाधिक वर्षा

मुंगेली। जिले में बुधवार को 227.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से अब तक 2733.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। मुंगेली तहसील में 1 जून से अब तक 586.7 मिली मीटर, पथरिया तहसील में 502.4 मिली मीटर, लोरमी तहसील में 484.7 मिली मीटर, लालपुर थाना तहसील में 528.3 मिली मीटर, जरहागांव में 243.9 मिली मीटर और सरगांव में 387.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

खबर संक्षेप

एबीवीपी ने परीक्षा नियंत्रक का घेराव कर दी चेतावनी

बिलासपुर। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में बॉटनी (वनस्पति विज्ञान) विभाग की एक छात्रा के साथ परीक्षा नियंत्रक द्वारा किए गए अमर्यादित, संवेदनहीन और धमकाने वाले व्यवहार के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई ने उग्र प्रदर्शन करते हुए परीक्षा नियंत्रक का घेराव किया। जानकारी के अनुसार बॉटनी विभाग की एक छात्रा अपने कोर्स सिलेक्शन संबंधित महत्वपूर्ण समस्या के समाधान के लिए परीक्षा नियंत्रक के पास पहुँची थी। छात्रा की समस्या का निवारण करने के बजाय परीक्षा नियंत्रक ने गैर-जिम्मेदाराना रवैया अपनाते हुए छात्रा का मज़ाक उड़ाया और उन्हें अनुशासनात्मक कार्रवाई की धमकी देकर भगा दिया। प्रशासनिक पद पर बैठे किसी अधिकारी द्वारा एक छात्रा के साथ ऐसा तानाशाही और अपमानजनक व्यवहार न केवल शर्मनाक है, बल्कि विश्वविद्यालय की गरिमा को भी धूमिल करता है। घटना की जानकारी मिलते ही एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने बिना देर किए विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कार्यकर्ताओं ने परीक्षा नियंत्रक कार्यालय को घेर लिया और जोरदार नारेबाजी की। अध्यक्ष तुषार साहू ने कहा कि छात्र-छात्राएं अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन के पास आते हैं, न कि अपना मज़ाक उड़वाने या धमकियां सुनने। तुषार साहू कहा कि यदि विश्वविद्यालय का कोई भी अधिकारी किसी भी छात्र या विशेष रूप से हमारी बहनों का अपमान करने की कोशिश करेगा, तो एबीवीपी ईंट से ईंट बजा देगी।

मल्हार में खुली छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की नई शाखा

बिलासपुर। ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक नगरी मल्हार के लिए बुधवार का दिन विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव बन गया। यहां छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की 629वीं शाखा तथा बिलासपुर जिले की 37वीं शाखा का शुभारंभ किया गया। नई शाखा खुलने से अब मल्हार और आसपास के गांवों के लोगों को बैंकिंग सेवाओं के लिए दूसरे शहरों या कस्बों का रुख नहीं करना पड़ेगा। किसानों, महिलाओं, युवाओं, स्वयं सहायता समूहों, छोटे व्यापारियों और आम ग्रामीणों को बचत, ऋण, सरकारी योजनाओं की राशि, पेंशन तथा डिजिटल बैंकिंग जैसी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगी। शाखा का उद्घाटन बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश कुमार सिंह राजपूत, कॉर्पोरेट कार्यालय से श्रीनिवास, वरिष्ठ प्रबंधक (परिचालन) दिनेश कुमार चौहान, सामान्य बैंकिंग प्रभारी राहुल कुमार शर्मा, शाखा प्रबंधक धीरज कुमार, कार्यालय सहायक यश गुप्ता, शेष नारायण गुप्ता, अवधेश कुमार, नरेन्द्र कुमार, सत्य राय आदि मौजूद थे। ग्रामीणों ने भी नई शाखा के शुभारंभ का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात बताया। उनका कहना था कि अब बैंकिंग कार्यों के लिए समय और धन दोनों की बचत होगी तथा गांवों में आर्थिक गतिविधियों को भी नई मजबूती मिलेगी।

पीड़ितों को थाना खोजने भटकना पड़ रहा | वर्ष 2023 से पहले की जब्त लगभग 150 गाड़ियों के नीलामी की तैयारी

बेतरतीब खड़े जब्त कंडम वाहनों के कारण नया सिविल लाइन थाना बन गया भूलभुलैया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वर्षों पुराने वीआईपी इलाके का नया सिविल लाइन थाना भवन लोगों के लिए भूलभुलैया बन गया है। परिसर में निमार्णाधीन सीएसपी भवन व जब्त कंडम वाहनों के बेतरबीत खड़े होने से थाना भवन नजर नहीं आता है। वर्ष 2023 के पहले से जब्त करीब 150 गाड़ियों को नीलामी करने की तैयारी की जा रही है। सभी वाहनों को परिसर से हटाकर पीछे रखाया जा रहा है।

पुराना सिविल लाइन थाना भवन के पीछे हाईटेक स्टाल में नया थाना भवन बनाया गया है। डेढ़ साल से पुराना भवन छोड़कर थाने का कामकाज नए भवन में संचालित हो रहा है। पुराने भवन को तोड़कर नया सीएसपी कार्यालय बनाने का काम जोरों से चल रहा है। नया थाना भवन अंदर में होने से फरियाद लेकर आने वाले पीड़ितों को थाना भवन जाने के लिए भटकना पड़ रहा है। इसी तरह वर्षों से विभिन्न मामलों में जब्त कर दोपहिया, तीन पहिया, चार पहिया वाहन थाना परिसर में बेतरतीबी तरीके से खड़ा कर दिया गया है, जिससे लोगों को आवाजाही करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि थानेदार व उच्च अधिकारियों की गाड़ी नया थाना भवन तक नहीं पहुंच पा रही है।

वाहनों को उड़े परखच्चे

वर्षों से थाने में खड़े होने से जब्त वाहनों के परखच्चे उड़ गए हैं। अधिकांश वाहनों के केवल ढांचा रखा हुआ है। कई वाहनों के आधा पार्टस गायब हो गए है। हालम यह है कि थाना परिसर में जगह नहीं होने पर जब्त बड़े वाहनों के ऊपर छोटे वाहनों को लादकर रखा गया है।

नया थाना भवन के लिए बनेगा नया बड़ा गेट

थाना परिसर से जब्त वाहनों को पीछे शिफ्टिंग कराने के बाद नया थाना भवन के सामने शानदार बड़ा से गेट बनाया जाएगा, ताकि नया थाना भवन मुख्यमार्ग से नजर आए और लोगों को भटकना ना पड़े। इसके साथ ही थाना में आने वाले लोगों को वाहन खड़ा करने परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

करीब 150 वाहन चिन्हांकित

टीआई किशोर केंवट के निर्देश पर मुंशी मददगार थाना परिसर के सामने अस्त व्यस्त में खड़े जब्त वाहनों की चेचिस व इंजन नम्बर जांच कर वाहनों को थाने के पीछे खाली जगह में शिफ्टिंग कराने में लग गए हैं। वर्ष 2023 से पहले के करीब 150 जब्त वाहन व 20 लावारिश वाहनों का चिन्हांकित किया गया है। पहले वाहन मालिकों को जब्त वाहन कोर्ट से सुपुर्दनामा लेने के लिए नोटिस भेजा जाएगा। उसके बाद भी वाहन सुपुर्दनामा में नहीं लेने पर उक्त वाहनों को कोर्ट से अनुमति लेकर नीलामी करने प्रक्रिया शुरू किया जाएगा।

नीलामी कराई जाएगी

वर्ष 2023 से पहले जब्त वाहनों को चिन्हांकित कराया जा रहा है। चेचिस व इंजन नम्बर के आधार पर मालिक से संपर्क कर सुपुर्दनामा लेने कहा जाएगा। नहीं लेने पर उक्त वाहनों की नीलामी करने कोर्ट से अनुमति ली जाएगी। नया थाना भवन के लिए नया गेट बनवाया जाएगा।

-**किशोर केंवट** सिविल लाइन टीआई

अव्यवस्था...

बिलासपुर। बृहस्पतिबाजार हनुमान मंदिर के पास नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते नाली खुदाई के बाद मलबा सड़क किनारे रखा गया है जिससे आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को सुबह से शाम तक सड़क पर जाम लगा रहा और लोग परेशान होते रहे।

कोयले से भरकर किया जा रहा था संटिंग, चार वैगन उतरा लाइन से

नैला साइडिंग के पास बेपटरी हुई मालगाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल मंडल बिलासपुर में एक बार फिर मालगाड़ी के वैगन बेपटरी हो गए। यह घटना नैला साइडिंग के पास हुई, जिसमें कोयले से लोडेड ट्रेन को शंटिंग की जा रही थी। इस दौरान चार वैगन लाइन से नीचे होने के कारण ट्रेन यातायात घंटों बाधित हो गया।

बिलासपुर रेल मंडल में मालगाड़ी के पटरी से उतरने की घटना लगातार हो रही है और घटना की जांच के बाद अब तक इसके कारणों का पता नहीं चल सका है। जुलाई माह में 11 तारीख को कटनी से बिलासपुर होकर जांजगीर-चांपा की ओर जाने वाली खाली मालगाड़ी के वैगन का पहिया चुचुहियापारा रेलवे यार्ड के पास पटरी से उतर गया था। इस घटना की जांच शुरु नहीं हो सकी थी कि एक दिन बाद यानि 13 जुलाई को अनूपपुर, पेण्ड्रारोड से बिलासपुर आ रही खाली मालगाड़ी के तीन वैगन करगीरोड कोटा के प्लेटफार्म नम्बर दो डाउन लाइन नम्बर तीन पर बेपटरी हो गए। मालगाड़ी के कोटा स्टेशन

पहुंचने से पहले चालक ने देखा कि आगे लाइन पर एक जेसीबी मशीन की बकेट पड़ी हुई थी। बाकेट और ट्रेन की दूरी कम होने की वजह से इमरजेंसी ब्रेक लगाने के बावजूद मालगाड़ी के सामने का हिस्सा टकराने से इंजन के पीछे लगा पहला, तीसरा और छठवें नम्बर का वैगन पटरी से उतर गया। इन दोनों घटना की जांच करने के लिए बिलासपुर रेल मंडल ने जांच करने टीम गठित कर दी है। बिलासपुर स्टेशन के चुचुहियापारा यार्ड में हुई मालगाड़ी के बेपटरी होने की घटना की जांच एडीईएन सेन्ट्रल, डीएमई, एडीईई ओपी, एओएम जनरल और एडीएसओ बिलासपुर, कोटा करगीरोड के घटना की जांच में एडीईएन सेन्ट्रल, एएससी 1, एडीएसओ शामिल हैं। मामले की जांच अब तक पूरी नहीं हो सकी है कि 11 दिन के बाद बिलासपुर रेल मंडल के नैला साइडिंग में शंटिंग करने के दौरान कोयला से लोडेड एक मालगाड़ी के चार पहिए मंगलवार की देर रात फिर बेपटरी हो गए। 59 वैगन की मालगाड़ी में 33वां, 34वां, 35वां और 36वां वैगन पटरी से उतरने के कारण लाइन पर यातायात प्रभावित हो गया। सूचना मिलने के बाद बिलासपुर और चांपा से तत्काल टीम को मौके पर रवाना किया गया। करीब दो से तीन घंटे की मशक्कत के बाद मालगाड़ी के उतरे वैगन को पटरी पर लाकर ट्रेन को आगे की ओर रवाना किया गया। घटना के बाद नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

उसलापुर माल गोदाम शेड केस की सुनवाई आगे बढ़ी

बिलासपुर। 22 जुलाई रेलवे के द्वारा उसलापुर माल गोदाम में बुनियादी सुविधाओं के न होने और उसके बाद भी वहां काम चालू करने के रेलवे के फैसले के को चुनौती देने वाली याचिकाओं की आज सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान रेलवे की ओर से उपस्थित अधिवक्ता रमाकांत मिश्रा ने जवाब प्रस्तुत करने के लिए और अधिक समय की मांग की इस कारण आज प्रकरण की सुनवाई नहीं हो सकी और रेलवे को जवाब प्रस्तुत करने के लिए 3 सप्ताह का समय और दिया गया।

सुनवाई की शुरुआत में ही जस्टिस ए के प्रसाद दें रेलवे के अधिवक्ता से सीधा सवाल पूछा कि इतनी भारी बरसात में वर्तमान स्थिति के को देखते हुए उसलापुर में माल गोदाम शेड चालू करना इतना जरूरी क्यों है? रेलवे की ओर से पुनः यह दावा किया गया कि सभी बुनियादी सुविधाएं हैं जिसका याचिका कर्ताओं की ओर से खंडन किया गया। आज की सुनवाई के दौरान याचिका कर्ताओं ने ड्रोन कैमरे से लिए गए फोटोग्राफ जिससे यह परिलक्षित होता है कि उसलापुर माल गोदाम शेड पर बुनियादी सुविधाएं निर्मित नहीं हुई है, उन्हें प्रस्तुत किया। हस्तक्षेप याचिका दायर करने वाले मजदूर संगठन की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता प्रफुल्ल भारत में दावा किया कि उनकी संस्था के मजदूर उसलापुर में सालों से लगातार काम कर रहे हैं जिन्हें याचिकाकरता संगठन मोनोपोली बनाकर काम नहीं करने देना चाहते। इस आरोप का याचिका करता के वकील सुदीप श्रीवास्तव ने स्पष्ट खंडन करते हुए कहा कि उनके द्वारा 2019 का रेलवे का वह आदेश प्रस्तुत किया गया है जिससे साफ दिखता है कि 2019 से ही उसलापुर माल गोदाम साइडिंग बंद कर दी गई थी । अगर 2019 से यह माल गोदाम साइडिंग बंद थी तो यह दावा कि सालों से कोई वहां पर काम कर रहा है अपने आप गलत साबित हो जाता है। सुनवाई के दौरान जस्टिस एके प्रसाद ने स्पष्ट किया कि वह विकास के समर्थक हैं और अगर उसलापुर में नया माल गोदाम विकसित हो रहा है तो वह एक अच्छी बात है परंतु उसे पर्याप्त सुविधाओं के साथ विकसित होना चाहिए। सुनवाई में रेलवे के सर्कुलर से यह बात भी स्पष्ट हुई कि माल गोदाम शेड में वही मजदूर या संगठन काम करेंगे जिन्हें माल मांगने वाले व्यापारी अधिकृत करते हैं। और जिन्हें भी अधिकृत किया जाएगा उन्हें वहां काम करने की छूट और सुरक्षा दोनों होगी।

सिरगिट्टी क्षेत्र में निगम ने की कार्रवाई

बिना अनुमति संचालित हो रहा ओयो होटल सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने बिना वैधानिक अनुमति संचालित हो रहे एक ओयो होटल पर कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया। सिरगिट्टी मेन रोड स्थित मुक्तिधाम के पास संचालित "द गोल्डन स्टे" (ओयो होटल) के खिलाफ यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर की गई। इसका संचालन श्रदेय गुप्ता कर रहा था।अधिकारियों के मुताबिक लंबे समय से होटल में संदिग्ध गतिविधियों के संचालन की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि होटल आवश्यक अनुमति एवं वैधानिक स्वीकृतियों के बिना संचालित किया जा रहा था।

निगम की इस कार्रवाई से बिना अनुमति संचालित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में हड़कंप मच गया है। निगम प्रशासन ने होटल संचालकों को सभी आवश्यक वैधानिक अनुमति एवं लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही संचालन करने की चेतावनी दी है। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र के लोगों ने शिकायत की थी। बताया गया था कि रिहायशी क्षेत्र में ओयो होटल का संचालन किया जा रहा है। आए दिन संदिग्ध रूप से युवक-युवतियों का आना-जाना रहता है। जिसके कारण मोहल्ले में माहौल बिगड़ रहा है। वहीं, महिलाएं और युवतियां यहां से गुजरने में असुरक्षित महसूस करती हैं। निगम की जांच में सामने आया कि बिल्डिंग रिहायशी क्षेत्र में बना है। मकान मालिक ने रिहायशी इस्तेमाल के लिए ही नक्शा बनवाया है लेकिन, इसमें होटल के तौर पर कमरों का निर्माण कराया गया है, जो व्यवसायिक है।

मोहल्ले का माहौल हो रहा था खराब

इस पर आपत्ति जताते हुए निगम कमिश्नर से शिकायत की गई थी। लोगों का कहना था कि होटल के कारण क्षेत्र में सामाजिक माहौल खराब हो रहा है। शिकायत के बाद जब निगम की भवन शाखा ने स्थल निरीक्षण किया तो पता चला कि होटल का संचालन अवैध है। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के अनुसार बिना अनुमति निर्माण और अवैध व्यवसाय पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी भवन मालिक को बख्शा नहीं जाएगा।

ट्यूशन टीचर के घर से 15 लाख के सोने के जेवर चोरी

बिलासपुर। बिना अलमारी का ताला टूटे 15 लाख की सोने का जेवर घर के अंदर से रहस्यमई तरीके से चोरी हो गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है । तारबाहर पुलिस के अनुसार विनोबा नगर क्रांति नगर निवासी अभय पिता अशोक अग्रवाल उनकी पत्नी सेफली दोनों ट्यूशन टीचर हैं। उनकी पत्नी घर के अलमारी में अपना कीमती सोने का जेवर रखी हुई थी। बीच-बीच में श्रीमती अग्रवाल अलमारी खोलकर अपने जेवर देखा करती थी 20 दिन बाद 21 जुलाई को अलमारी खोल कर देखी तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। अलमारी के लाकर से कीमती सोने के नेकलेस रिंग चैन अंगूठी चार पेंडल कीमत 15 लाख रुपए के जेवर गायब थे। उन्होंने जेवर के संबंध में अपने पति घर के अन्य सदस्य व नौकरों से पूछताछ की जेवरों के संबंध में सभी ने अभिज्ञता जाहिर किया। जेवरों का पता नहीं चलने पर 22 जुलाई को अभय अग्रवाल ने चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनके घर का मुवायना कर सीसीटीवी फुटेज खंगाला किंतु कोई भी सुराग नहीं मिल पाया।पुलिस ने श्री अग्रवाल की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

सागौन चोरी के संदेह में छात्र को उठा ले गए, नर्सरी में बेल्ट से पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सागौन चोरी करने के संदेह पर छात्र को उठाकर नर्सरी में ले जाकर बेरहमी से हाथ मुक्का, बेल्ट, बीयर की बोतल से जमकर मारपीट की गई है। जनप्रतिनिधियों के द्वारा थाने का घेराव कर हंगामा मचाने के बाद हमलावर डिप्टी रेंजर व कर्मचारियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

कोटा पुलिस के अनुसार, धौंराभाठा निवासी शेखर कैवर्त पिता रामेश्वर प्रसाद कैवर्त 20 साल आईटीआई की पढ़ाई कर रहा है। वह अपने दोस्त रामकुमार कैवर्त, हितेश जायसवाल के साथ पुलिस, आर्मी भर्ती की तैयारी कर रहा है। 21 जुलाई की सुबह 5.30 बजे रोज की तरह तीनों दोस्त ग्राम अमाली रोड में एक्सरसाइज कर रहे थे। उसी समय सफेद रंग की किया कार व बाइक में पांच लोग आए और सागौन चोरी करते हो कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर उन्हें पकड़ने की कोशिश करने लगे। रामकुमार कैवर्त व हितेश जायसवाल भाग गए। लोगों ने शेखर कैवर्त को पकड़कर हाथ मुक्का से मारपीट की। उसके बाद जबरदस्ती बाइक क्रमांक सीजी 10 बीएल, 5716 में बैठाकर मारपीट करते हुए भैंसाझार नर्सरी ले जाकर बेल्ट व बीयर की बोतल से बेरहमीपूवर्क जमकर मारपीट करने के बाद छोड़ दिया। इधर दूसरे पक्ष से वन विभाग के संविदा कर्मचारी रतनपुर जमुनाही निवासी राजेश जायसवाल पिता मनराखन ने रिपोर्ट लिखाई।

थाने का घेराव होने के बाद लिखी गई रिपोर्ट

पीड़ित छात्र ने घर लौटकर घटना की जानकारी दी। बताया जाता है छात्र का अपहरण कर मारपीट करने वाले वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी थे। उसके बाद बड़ी संख्या में आक्रोशित परिजन, जनप्रतिनिधि कोटा थाना रिपोर्ट लिखाने गए। रिपोर्ट लिखने में आनाकानी करने पर लोगों के द्वारा थाने का घेराव कर एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए जमकर हंगामा मचाया। काफी हंगामा के बाद बाइक व कार सवार व्यक्तियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।